शुक्रवार, 28 नवम्बर 2025

मौसम

तापमान 17 – 29
आर्द्रता 58%
सूर्योदय: 5:57 सूर्यास्त: 16:51

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : दोस्त बेशक कम हो पर सच्चे हितैषी ज्यादा होने चाहिए।



सड़क निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्रवाई होगी: गडकरी पृष्ठ 8

आतंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# कश्मीर के सात जिलों में जमात-ए-इस्लामी के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी



- राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से जुड़ी खुफिया जानकारी के आधार पर हुई कार्रवाई
- जब्त सामग्री की जांच जारी, आतंक समर्थक तंत्र पर शिकंजा

**श्रीनगर :** कश्मीर में प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के खिलाफ कार्रवाई के तहत पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये छापेमारी श्रीनगर, अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां, कुलगाम, बडगाम और कुपवाड़ा जिलों में की गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकी तंत्र और उसका समर्थन करने वालों को खत्म करने के प्रयासों के तहत जेईआई सदस्यों और उनके सहयोगियों से जुड़े आवासीय परिसरों व अन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई यह खुफिया जानकारी मिलने के बाद की गई कि जेईआई के कुछ सदस्य राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार संगठन और उससे जुड़ी संस्थाओं से जुड़े लोगों के घरों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, दस्तावेज और साहित्य ज़ब्त किए गए। उन्होंने कहा कि बरामद हुई सभी सामग्री को विस्तृत जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। श्रीनगर में, पुलिस ने जमात-ए-इस्लामी के सहयोगियों के घरों और व्यवसायों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि चनपोरा के उमर सुल्तान गुरु, फिलहाल श्रीनगर के मंदिर बागघाट में रह रहे बडगाम के मोहम्मद अब्दुल्ला वानी, बेमिना के गुलाम मोहम्मद भट, लाल बाजार के मोहम्मद रमजान नाइक उर्फ फहीम, हरवान के बशीर अहमद लोन और नौगाम चौक के मंजूर अहमद के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि जेईआई से जुड़े संस्थानों से संबंधित लोगों के आवासों पर भी तलाशी ली गई, जिनमें सौरा के निवासी मोहम्मद रमजान लोन (रमजाना मेमोरियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, सौरा), बुच-पोरा सौरा के निवासी शाहिद जहगीर (रमजाना मेमोरियल स्कूल, सौरा) और नौगाम के निवासी पीर गयास-उद्दीन (फलाह रिसर्च रमजान सेंटर, नौगाम) शामिल हैं। जेईआई विच-ारधारा से जुड़े कुछ संस्थानों पर भी छापे मारे गए। इनमें जमीयत-उल-बनात, लाल बाजार में स्थित कश्मीर विश्वविद्यालय, बाग-ए-नंद सिंह, चट्टाबल में स्थित राहत मंजिल (जेके यतीम खाना), मैसूमा में स्थित चिनार पब्लिकेशन ट्रस्ट और मैसूमा में स्थित 'अल-कौसर बुक शॉप' शामिल हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए हानिकारक मानी जाने वाली गतिविधियों के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई।

## पुलस ने आतंकवाद समर्थक तंत्र को ध्वस्त करने के लिए श्रीनगर के मदरसों और मस्जिदों का निरीक्षण किया



जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी संगठनों से जुड़े व्यक्तियों और नेटवर्क के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत श्रीनगर में मदरसों और मस्जिदों का बृहस्पतिवार को निरीक्षण किया। यह कार्रवाई क्षेत्र में आतंकवाद समर्थक तंत्र और कट्टरपंथ को खत्म करने के प्रयासों को मजबूत किए जाने के मकसद से की जा रही है। दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किले के पास एक कार में हुए विस्फोट और 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल के भंडाफोड़ के बाद पुलिस ने आतंकी समर्थक तंत्र को ध्वस्त करने के मकसद से घाटी के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी तेज कर दी है। इस मामले में शोपियां के मौलवी इरफान और हरियाणा में मेवात के मौलवी इश्तियाक को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर पुलिस ने सभी क्षेत्रों में मदरसों और मस्जिदों का निरीक्षण किया। प्रवक्ता ने बताया कि कार्यकारी मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाहों के साथ तलाशी दलों ने कई परिसरों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने डिजिटल उपकरणों, दस्तावेजों और अन्य सामग्रियों की जांच की।

# परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को प्राइवेट कंपनियों के लिए खोलेगा भारत

### शीतकालीन सत्र में पेश होगा एटॉमिक एनर्जी बिल

**नयी दिल्ली :** भारत परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए संसद के अगले सत्र में परमाणु ऊर्जा विधेयक को पेश किए जाने की तैयारी है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस के उद्घाटन के मौके पर भी इस बात के संकेत दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारे सुधारों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। जिस तरह हमने अंतरिक्ष नवाचार को निजी क्षेत्र के लिए खोला, उसी तरह अब हम एक और बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र में कदम उठा रहे हैं। हम परमाणु क्षेत्र को भी खोलने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## मोदी ने स्काईरूट के रॉकेट का अनावरण किया



**हैदराबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अंतरिक्ष स्टार्टअप 'स्काईरूट' के पहले 'ऑर्बिटल रॉकेट' का अनावरण किया और नयी प्रौद्योगिकियां तैयार करने के लिए 'जेन जेड' पेशेवरों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हैदराबाद में 'स्काईरूट इन्फिनिटी कैंपस' का उद्घाटन किया। कंपनी का 'आर्बिटल रॉकेट विक्रम-1' उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर सकेगा। उन्होंने कहा कि 'जेन जेड' इंजीनियर, डिजाइनर, कोडर और वैज्ञानिक नयी प्रौद्योगिकियां तैयार कर रहे हैं। 'जेन जेड' पीढ़ी का तात्पर्य उन लोगों से है जिनका जन्म 1997 और 2012 के बीच हुआ। अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने सरकार के 'ऐतिहासिक' अंतरिक्ष सुधारों को रेखांकित किया और कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के परिणामस्वरूप स्काईरूट और अन्य इकाइयां इस तरह के नवाचारों के साथ सामने आई हैं।

**पीएम मोदी ने कहा- निजी क्षेत्र मजबूत भूमिका की नींव रख रहे हैं**

पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम इस क्षेत्र में भी निजी क्षेत्र की एक मज़बूत भूमिका की नींव रख रहे हैं। इससे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों, उन्नत रिएक्टरों और परमाणु नवाचार में अवसर पैदा होंगे। यह सुधार हमारी ऊर्जा सुरक्षा और तकनीकी नेतृत्व को नई ताकत देगा।

**पीएम मोदी बोले- स्पेस सेक्टर में 300 से ज्यादा स्टार्टअप**

उन्होंने कहा कि आज भारत के अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में निजी क्षेत्र तेज़ी से उभर रहा है। उन्होंने कहा कि 300 से ज़्यादा अंतरिक्ष स्टार्टअप इस क्षेत्र को नई उम्मीदें जगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'इन्फिनिटी कैंपस' भारत की नयी सोच, नवाचार और विशाल युवा शक्ति का प्रतिबिंब है। युवाओं का नवाचार, जोखिम उठाने की क्षमता और उद्यमिता नई ऊंचाइयों को छू रही है।''

## हांगकांग में बहुमंजिला इमारतों में आग लगने की घटना में मृतकों की संख्या 83 हुई, 280 से अधिक लापता

**बीजिंग/हांगकांग :** हांगकांग में एक बहुमंजिला आवासीय परिसर में लगी भीषण आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मी बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी जूझते रहे और मृतकों की संख्या बढ़कर 83 हो गई है, जबकि 280 से अधिक लोग लापता हैं, अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इसे पिछले 70 वर्षों में शहर की सबसे बड़ी त्रासदी बताया। उन्होंने बताया कि लगभग 76 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 43 की हालत गंभीर है। मृतकों में एक दमकलकर्मी भी शामिल है। कई लोग अभी भी इमारतों में फंसे हुए हैं। सात में से चार ब्लॉक में लगी भीषण आग पर काबू पा लिया गया है, जबकि बृहस्पतिवार शाम को शेष 31 मंजिला इमारतों की ऊपरी मंजिलों पर आग धधकती रही। हांगकांग स्थित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, बड़े पैमाने पर बचाव कार्य जारी है और अभी भी फंसे लोगों को इमारतों से निकाला जा रहा है। ताई पो जिले में हांगकांग की सीमा से सटे उत्तरी उपनगर में स्थित वांग फुक कोर्ट परिसर में बुधवार को लगी आग का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और मामले में आपराधिक जांच शुरू कर दी गई है। शहर के अधिकारियों का कहना है कि 280 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि सात इमारतें पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी हैं, जिनमें से प्रत्येक 32 मंजिला है। हांगकांग सरकार ने प्रभावितों के लिए 30 करोड़ हांगकांग डॉलर (करीब 4.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की राहत का ऐलान किया है। सैकड़ों विस्थापित निवासियों को अस्थायी आश्रय स्थलों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## बिहार चुनाव में पराजित उम्मीदवारों से ईवीएम जांच के लिए कोई अनुरोध नहीं मिला: निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार में चुनाव अधिकारियों को हाल में हुए विधानसभा चुनावों में पराजित उम्मीदवारों से ईवीएम 'बर्न-मेमोरी' या 'माइक्रोकंट्रोलर' के सत्यापन का अनुरोध वाला कोई आवेदन नहीं मिला है। इसने कहा कि 11 नवंबर को बिहार चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के साथ हुए आठ विधानसभा उपचुनावों के लिए ऐसा कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ। उच्चमत न्यायालय के निर्देशों के बाद निर्वाचन आयोग ने 17 जून को गिनती के बाद की जांच और ईवीएम बर्न मेमरी या माइक्रोकंट्रोलर की जांच से जुड़ी संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की थी। इनके तहत, सबसे ज्यादा वोट पाने वाले उम्मीदवार के बाद क्रम संख्या दो या तीन पर रहने वाले उम्मीदवार चुनाव परिणाम घोषित होने के सात दिनों के भीतर ईवीएम की जांच और सत्यापन की मांग कर सकते हैं।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# ममता सरकार ने नए वक्फ कानून को दी मंजूरी

### वक्फ प्रॉपर्टी के रिकॉर्ड सेंट्रल पोर्टल पर अपलोड करने के आदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 8 माह पहले कहा था कि नया वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। लेकिन अब बंगाल की ही ममता सरकार ने बंगाल में वक्फ कानून को लागू करने के लिए सहमति दे दी है। साफ कहें तो पश्चिम बंगाल सरकार ने शुरू में केंद्र के नए वक्फ एक्ट (वक्फ अमेंडमेंट एक्ट 2025) को मानने से मना कर दिया था, लेकिन अब बंगाल की ममता सरकार राज्य की वक्फ प्रॉपर्टी की जानकारी सेंट्रल पोर्टल पर अपलोड करने के लिए मान गई है। इस बारे में कोई दूसरा ऑप्शन नहीं था। केंद्र के इस कानून को मानना ही था। सूत्रों के मुताबिक, माइनॉरिटी अफेयर्स और मदरसा एजुकेशन डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी डॉ. पी. बी. सलीम ने शाम को जिलों के सभी डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को एक लेटर भेजा। नबान्न के निर्देश हैं कि वक्फ प्रॉपर्टी के रिकॉर्ड या जानकारी 5 दिसंबर, 2025 तक 'umeed-minority.gov.in' पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएं। माइनॉरिटी डेवलपमेंट डिपार्टमेंट की तरफ से आज सभी जिलों के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को भेजे गए लेटर के मुताबिक, बंगाल में 82,000 से ज़्यादा वक्फ प्रॉपर्टी हैं। ये 8,000 से ज़्यादा वक्फ एस्टेट के अंदर हैं। सारी जानकारी संबंधित मुतवल्ली मेकर्स के तौर पर अपलोड करेंगे। जिलों के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को भेजे गए लेटर में माइनॉरिटी डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी ने साफ तौर पर चार पॉइंट का प्रोग्राम बताया है। पहला, मुतवल्ली, इमाम, मुअज्जिन और मदरसा टीचर के साथ मीटिंग करके उन्हें अपलोडिंग प्रोसेस समझाया जाए। डिस्ट्रिक्ट लेवल पर मुतवल्ली के ज़रिए सेंट्रल पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने के बारे में अवेयरनेस बढ़ाई जाए। मुतवल्ली की लिस्ट पहले ही शेयर की जा चुकी है। दूसरा, सिर्फ बिना विवाद वाली प्रॉपर्टी की जानकारी अपलोड की जाए। सिर्फ उन एस्टेट की बिना विवाद वाली प्रॉपर्टी जो 'एनरोल्ड' (ईसी नंबर वाली) हैं, उनका ही रजिस्ट्रेशन हो सकता है। तीसरा, ज़रूरत पड़ने पर टेक्निकल सपोर्ट स्टाफ के साथ फैसिलिटेशन सेंटर खोले जाएं। और माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के स्टेट-लेवल ऑफिस के चार सीनियर अधिकारियों को अपने-अपने जिलों का इंस्पेक्शन करने के लिए लगाया गया है।

## एसएससी ने अतिरिक्त विवरण के साथ 'दागी' उम्मीदवारों की सूची पुन: जारी की

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने गुरुवार को 1,806 'दागी' अभ्यर्थियों की एक 'व्यापक' सूची नए सिरे से प्रकाशित की, जिन्हें पहले 2016 की राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) में सहायक शिक्षक के पदों के लिए योग्य बताया गया था। अभ्यर्थियों और उनके माता-पिता के नाम, उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय, अनुक्रमांक और जन्मतिथि वाली सूची कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में दोपहर में अपलोड की गई। बता दें कि उच्च न्यायालय ने एसएससी को 'अयोग्य' शिक्षकों के नाम उनकी पहचान के व्यापक विवरण के साथ पुनः प्रकाशित करने का निर्देश दिया था। हालांकि, सूची में उन संबंधित स्कूलों का कोई जिक्र नहीं था जहां ये 'दागी' शिक्षक पिछले लगभग एक दशक से अध्यापन कर रहे थे। इस दिन, यह पूछे जाने पर कि क्या ये 'दागी' अभ्यर्थी सितंबर 2025 में हुई नयी भर्ती परीक्षा में बैठने वालों में शामिल हैं, एसएससी के एक अधिकारी ने इससे असहमति जताई। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी दागी शिक्षकों की यही सूची अपलोड की थी। लेकिन इस बार उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, हमने पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त विवरण शामिल किए हैं।

## इमरान खान अदियाला जेल में पूरी तरह स्वस्थ हैं : जेल अधिकारी

**लाहौर :** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अदियाला जेल में ''पूरी तरह स्वस्थ'' हैं। जेल अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जेल अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर खान की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर जारी अफवाहों को खारिज किया। अदियाला जेल प्रशासन ने आज जारी एक बयान में कहा, ''पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेतृत्व को इमरान खान के स्वास्थ्य के बारे में सूचित कर दिया गया है। पीटीआई प्रमुख को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।'' खान (73) अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में बंद हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण : 68 प्रतिशत लोगों ने मांगी चिकित्सा सहायता



**नयी दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में 80 प्रतिशत से अधिक निवासियों ने प्रदूषित हवा के कारण लगातार स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने की बात कही है, जिनमें पुरानी खांसी, थकान महसूस होना और श्वसन संबंधी समस्या शामिल हैं। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी है। स्माइटेन पल्सएआई सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ कि 68.3 प्रतिशत लोगों ने पिछले वर्ष विशेष रूप से प्रदूषण से संबंधित रोगों के लिए चिकित्सा सहायता मांगी। सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि सर्वेक्षण में शामिल किये गए 76.4 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे घर से बाहर बहुत कम देर के लिए निकल रहे हैं, जिससे घर असल में जेल जैसे हो गए हैं क्योंकि परिवार जहरीली धुंध से बचने के लिए बाहर कम निकलते हैं। उपभोक्ता अनुसंधान फर्म स्मिटेन पल्सएआई ने कहा कि दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद के 4,000 निवासियों पर किये गए व्यापक अध्ययन से एक ऐसे शहर की विनाशकारी तस्वीर उभर कर सामने आती है, जो बाहरी ताकतों से नहीं बल्कि उस हवा से जूझ रहा है जिसमें यहां के लोग सांस लेते हैं। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि 79.8 प्रतिशत लोग या तो किसी और शहर में जाने का विचार कर रहे हैं या पहले ही स्थान छोड़ चुके हैं, 33.6 प्रतिशत लोग यहां से जाने की योजना बना रहे हैं, 31 प्रतिशत सक्रिय रूप से इस पर विचार कर रहे हैं, और 15.2 प्रतिशत लोग पहले ही दूसरी जगह जा चुके हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि 37 प्रतिशत लोगों ने पहले ही ठोस कदम उठा लिए हैं -- दूसरे शहरों में मकान ढूंढने के लिए जाना, स्कूलों में बच्चों के दाखिले के लिए जानकारी जुटाना, या जाने के बारे में परिवार के साथ निर्णय लेना। सर्वेक्षण में कहा गया है कि प्रदूषण से जूझ रहे लोग पहाड़ी इलाके, कम कारखानों वाले छोटे शहर, दिल्ली-एनसीआर के बाहर कहीं भी, ऐसी जगह जहां सांस लेने के लिए किसी ऐप की निगरानी की ज़रूरत न हो, जाना चाहते हैं। स्मिटेन पल्सएआई के सह-संस्थापक, स्वागत सारंगी ने कहा, ''अध्ययन से पता चलता है कि लंबे समय तक खराब वायु गुणवत्ता रोज़मर्रा की ज़िंदगी -- स्वास्थ्य व्यवहार, खर्च करने के तरीके और जीवन से जुड़े फैसलों को प्रभावित कर रही है।''

## असम विधानसभा ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक पारित किया

**गुवाहाटी :** असम विधानसभा ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विधेयक बृहस्पतिवार को पारित किया, जिसके तहत इसे अपराध माना जाएगा और कुछ अपवादों को छोड़कर इसके लिए अधिकतम 10 वर्ष की कैद हो सकती है। विधेयक में अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी के लोगों और छठी अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को कानून के दायरे से बाहर रखा गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अगर वह अगले साल विधानसभा चुनावों के बाद फिर से मुख्यमंत्री बनते हैं तो असम में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। असम बहुविवाह निषेध विधेयक, 2025 के पारित किए जाने के दौरान मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि यह कानून धर्म से परे है और इस्लाम के खिलाफ नहीं है जैसा कि एक वर्ग द्वारा माना जा रहा है। शर्मा के पास गृह और राजनीतिक विभागों का भी प्रभार है। उन्होंने कहा, हिंदू भी बहुविवाह से मुक्त नहीं हैं। यह हमारी भी जिम्मेदारी है। इस विधेयक के दायरे में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और सभी अन्य समाजों के लोग आएंगे। मुख्यमंत्री द्वारा सभी विपक्षी सदस्यों से अपने-अपने संशोधन वापस लेने का अनुरोध किया गया ताकि सदन में यह संदेश जाए कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया है। शर्मा के अनुरोध के बावजूद ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने अपने संशोधन सुझाव आगे बढ़ाए, जिन्हें ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया। माकपा विधायक मनोरंजन तालुकदार ने मांग की कि विधेयक को विधानसभा की प्रवर समिति को भेजा जाए ताकि इसके प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा हो सके। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बारे में बात करते हुए शर्मा ने कहा कि अगर वह अगले साल असम विधानसभा चुनावों के बाद फिर से मुख्यमंत्री बनते हैं तो इसे असम में लागू किया जाएगा।



Ram Naresh Jaiswal M: 9830913810
Dinesh Timber Co.
Dealers :
All types of Timber, Plywood,
Shuttering Woods & Shuttering Plywood.
19, Orphangunge Road, Kolkata-700023(Near Taj Bengal Hotel)
Phone: 033 2479 3089 E-mail: timberply@hotmail.com

## महिला क्रिकेट को नई ऊंचाई देगी कामयाबी

रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वो इतिहास रचा, जिसका दो दशक से इंतजार था। एक दिवसीय क्रिकेट का वर्ल्ड कप जीतकर उन्होंने उस कमी को पूरा किया, जो साल 2005 और 2017 में फाइनल में पहुंचकर भी हासिल न हो सकी थी। ऐसे वक्त में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम को खिताबी दौड़ में कमजोर माना जा रहा था, उसने सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया टीम को सेमीफाइनल के एक रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। मुकाबले में मुंबई की जेमिमा रॉड्रिग्स ने 127 रन की तूफानी यादगार पारी खेली। लगता था शुरुआत में कई मैच हारने वाली भारतीय महिला टीम ने अपनी ऊर्जा फाइनल मुकाबले के लिये बचा रखी थी, जिसमें उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम को 52 रन से हरा दिया। रविवार की रात हरमनप्रीत कौर की कप्तानी ने पासा ही पलट दिया। फिर उनकी टीम ने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में चालीस हजार से ज्यादा दर्शकों के बीच जीत का जश्न जमकर मनाया। इस जुनूनी जश्न की वे हकदार भी थीं। साथ ही देश के एक अरब चालीस करोड़ लोगों को भी जीत के जश्न में डुबो दिया। लोग इस साल होने वाले कई दुखांत घटनाक्रमों को भुला इस जीत की लय में झूम उठे। यह सुखद आश्चर्य ही था कि टीम ने लगातार तीन हार झेलने के बाद टूर्नामेंट में दमदार वापसी की। सेमीफाइनल में लोग सात बार की चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम को कमतर आंक रहे थे। सुखद आश्चर्य देखिये कि फाइनल मुकाबले में हरियाणा की उस शैफाली वर्मा ने करिश्माई पारी खेली, जो विश्व कप के शुरू होने से पहले टीम का हिस्सा भी नहीं थी। उसने अपने चयन को तार्किक साबित किया। इसी तरह दीप्ति शर्मा ने भी शानदार खेल का परिचय दिया। निश्चय ही महिला क्रिकेट टीम की यह शानदार जीत देश की उन लाखों बेटियों के सपनों को नयी ऊंचाइयां देगी, जो अपना आसमान हासिल करना चाहती हैं।

निस्संदेह, विश्वकप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शानदार जीत के दूरगामी परिणाम होंगे। इस खेल में टीम दीर्घकालिक वर्चस्व कायम रख सकती है। दरअसल, अब तक महिला क्रिकेट को दोयम दर्जे का माना जाता रहा है। दरअसल, जब से महिला खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों के समान वेतन मिलने लगा और उन्हें आईपीएल–शैली की टी–20 लीग में दमखम दिखाने का मौका मिला, टीम के प्रदर्शन में अभूतपूर्व सुधार आया। धीरे–धीरे वे पुरुष क्रिकेट के सितारों की तरह आभा बिखेरने लगी। हालांकि, आगे की राह इतनी भी आसान नहीं है, उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल उनके पास इस कामयाबी का जश्न मनाने का मौका है। उल्लेखनीय है कि टीम में कई ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने तमाम आर्थिक–सामाजिक चुनौतियों का मुकाबला करके अपनी जगह बनायी। वे तपती पगडंडियों से गुजरने वाली बेटियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। इन खिलाड़ियों ने मैदान से पहले निजी जीवन में बड़ा संघर्ष किया। बेहद जटिल पृष्ठभूमि से आने के बावजूद वे विश्व विजेता टीम का हिस्सा बनी हैं। उनके साथ अभ्यास मैच खेलने के लिये लड़कियां नहीं होती थी, अत: वे शुरुआती क्रिकेट लड़कों की टीम के साथ खेलती थीं। उनके माता–पिता को समाज की छींटाकशी का भी शिकार होना पड़ता था। मध्यप्रदेश की क्रांति गौड़ ने आर्थिक बदहाली का जीवन जिया और प्रैक्टिस मैच के लिये पैसे की मदद न मिलने पर मां ने गहने तक बेचने पड़े। वक्त बदला है और आज मध्य प्रदेश सरकार ने उसे एक करोड़ का पुरस्कार देने की घोषणा की है। स्पिनर राधा यादव का परिवार मुंबई के कांदिवली में रहता है और उसके पिता सब्जी बेचते रहे हैं। उनकी प्रतिभा पहचानकर क्रिकेटर प्रफुल्ल नाइक ने उसके परिजनों को क्रिकेट खेलने के लिये मनाया। संगरूर जिले की रहने वाली सफल गेंदबाज अमनजोत के, पेशे से कारपेंटर पिता भूपेंदर सिंह ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। उन्होंने अपना कामधंधा दांव पर लगाया। इसी तरह हिमाचल के एक किसान परिवार से आने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर ने अपने दिवंगत पिता के सपने को पूरा किया। निस्संदेह, इन लड़कियों की कामयाबी न केवल समाज में लड़कियों के प्रति नजरिया बदलेगी, बल्कि उन जैसी लाखों लड़कियों को क्रिकेट में भविष्य आजमाने के लिये भी प्रेरित करेगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 नवम्बर, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष अष्टमी, 24:10 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 26:37 तक, योग : व्याघात, 10:57 तक, सूर्योदय: 05:57, सूर्यास्त: 16:51, चन्द्रोदय : 11:56, चन्द्रास्त: 23:48, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 10:03 से 11:24

## राशिफल

**मेष :** आज एकादश भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। शाम 5 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है।

**वृष :** आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

**मिथुन :** मिथुन राशि का आज का दिन काफी रचनात्मक रहने वाला है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

**कर्क :** आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

**सिंह :** आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म अध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**कन्या :** आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आये इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक :** माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः प्रयत्नशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं।

**धनु :** आज का दिन धनु राशि के जातकों के लिए सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठायें तो बड़ा लाभ होने की आशा है।

**मकर :** मकर राशि वालों का आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

**कुम्भ :** आज आपके स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

**मीन :** आज का दिन मेष राशि के जातकों के लिए लाभकारी रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

# विदेशी फंडिंग से अब नहीं हो पायेगी देश-संस्कृति के खिलाफ साजिश



संजय सक्सेना

सोशल मीडिया के इस डिजिटल युग में भारत की सांस्कृतिक धरोहर पर हमला तेज हो गया है। हिन्दू देवी–देवताओं की निंदा, मोदी सरकार और योगी सरकार पर जहर भरे हमले, आरएसएस को बदनाम करने वाली पोस्टें और सनातन धर्म को अंधविश्वास बताने वाले कंटेंट का सैलाब हर प्लेटफॉर्म पर दिख रहा है। ये पोस्टें कहां से उगम पा रही हैं, कौन इनके पीछे है, किस देश या समूह का संरक्षण मिल रहा है यह सवाल करोड़ों भारतीयों के मन में कौंध रहा है। एक गहन विश्लेषण से पता चलता है कि ये अभियान संगठित हैं, जिनमें विदेशी फंडिंग, बॉट्स और भारत–विरोधी तत्वों का हाथ साफ झलकता है। उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि ये केवल व्यक्तिगत रोष नहीं, बल्कि सनातन एकता को तोड़ने की सुनियोजित साजिश है।

कल्पना कीजिए दिल्ली के एक साधारण हिन्दू परिवार को। राहुल नाम का युवक सुबह फोन उठाता है और इंस्टाग्राम पर HinduFamilyFights जैसे हैशटैग्स से भरे शॉर्ट वीडियो देखता है। एक क्लिप में मां बेटे से चिल्ला रही है, तुम्हारा सनातन धर्म ही परिवार बर्बाद कर रहा है! लाखों व्यूज, हजारों शेयर्स। इसी तरह यूट्यूब शॉर्ट्स पर शिव–पार्वती के चित्रों को मजाक उड़ाते मीम्स वायरल हो रहे हैं, कैप्शन होता है ये देवता तो आधुनिक दुनिया में फेल हो गए। ये पोस्टें भारत के हर कोने से फैल रही हैं, दक्षिण से उत्तर तक, लेकिन एनालिटिक्स टूल्स से खुलासा होता है कि 10 करोड़ से ज्यादा व्यूज जेनरेट करने वाले ये वीडियो फेक अकाउंट्स से पुश किए जाते हैं। बॉट्स लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ ला देते हैं, जैसे हिंदू बनना बंद करो, ये बोझ है! ऐसे कंटेंट की बाढ़ ने मंदिरों में आने वालों की संख्या घटा दी, परिवारों में बहसें बढ़ा दीं।

कौन बना रहा है ये पोस्टें? विश्लेषण बताता है कि ज्यादातर अकाउंट्स पाकिस्तान, बांग्लादेश और मध्य पूर्व के आईपी एड्रेस से चलाए जाते हैं। उदाहरण लीजिए हाल का एक वायरल पोस्ट, जिसमें आरएसएस को हिंदू चरमपंथी संगठन कहा गया और मोदी–योगी को फासीवादी ठहराया। ट्रेसिंग से पता चला कि ये ट्विटर हैंडल इस्लामाबाद से ऑपरेट हो रहा था, जहां से पाकिस्तानी आईएसआई से जुड़े ट्रोल आर्मी सक्रिय हैं। इसी तरह, टिक टॉक पर सनातन को अंधविश्वास बताने वाले रील्स दुबई और कतर के सर्वरों से अपलोड हो रहे। एक रिपोर्ट में उजागर हुआ कि ये अभियान ऑपरेशन ब्लू व्हेल जैसे विदेशी प्रोजेक्ट्स से प्रेरित हैं, जहां भारत की डेमोग्राफी बदलने के लिए छद्म नामों से कंटेंट फैलाया जाता है। योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में लखनऊ के दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव में इशारा किया कि ऐसे संगठनों के खिलाफ संघ समाज के सहयोग से खड़ा है, बाहरी फंडिंग से नहीं।

पीछे किसका हाथ? गहन जांच से साफ है कि इस्लामिक कट्टरपंथी और भारत–विरोधी ताकतें मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उदाहरणस्वरूप, पहलगाम आतंकी हमले के बाद उज्जैन में वायरल हुई विवादित पोस्ट, जिसमें हिंदू संगठनों पर निशाना साधा गया। हिंदूवादी संगठनों ने विरोध किया और एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन पोस्ट का सोर्स पाकिस्तानी ट्रोल अकाउंट निकला। इसी तरह, फेसबुक पर एक पोस्ट में हिंदू आस्था के प्रतीक का मजाक उड़ाया गया, जिसके पीछे बांग्लादेशी आईपी था। ये पोस्टें सेकुलरिज्म के नाम पर चलती हैं, लेकिन असल में धार्मिक विभाजन फैलाती हैं। विदेशी एनजीओ फंडिंग देते हैं, जो यूरोप और अमेरिका से आती है, लेकिन उनका एजेंडा सनातन को कमजोर करना है। मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू धर्म खुद पंजीकृत नहीं, फिर भी मजबूत है, ये साजिशें इसे तोड़ नहीं सकतीं।

कहां से संरक्षण मिल रहा? देश के बाहर बैठे तत्व मुख्य हैं। पाकिस्तान की आईएसआई और उसके सहयोगी इस्लामिक टेरर फैलाने वाले ग्रुप्स जैसे लश्कर–ए–तैयबा के सोशल मीडिया विंग सक्रिय हैं। उदाहरण लें, एक यूट्यूब वीडियो जहां देवी–देवताओं पर टिप्पणी की गई, उसके कमेंट्स में पाकिस्तानी यूजर्स की बाढ़। ट्रेसिंग से कनेक्शन तुर्की और सऊदी अरब के कट्टरपंथी फोरम्स से मिला। भारत में भी कुछ सेकुलर पेज इनका सहारा लेते हैं, लेकिन मूल सोर्स विदेशी। योगी सरकार ने ऐसे अपमानजनक पोस्ट्स पर सख्ती की, मुस्लिम समुदाय ने भी आरोपी गिरफ्तारी की मांग की। ये अभियान सनातन की एकता पर प्रहार हैं, परिवार तोड़ रहे, युवाओं को भटका रहे। लेकिन सनातन की जड़ें गहरी हैं, वसुधैव कुटुंबकम की भावना इन्हें झेल लेगी।

ऐसे कंटेंट का असर गहरा है। युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही, मंदिर दान कम हो रहा, योग–ध्यान जैसे वैज्ञानिक पहलू भुलाए जा रहे। एक सर्वे में पाया गया कि 40 फीसदी युवा सोशल मीडिया से ही धार्मिक जानकारी लेते हैं, जहां जहर घुला है। लेकिन जागरूकता फैल रही है। राहुल जैसे युवक ने एनालिटिक्स से जांच की और सच उजागर किया। सरकारें सख्त कानून ला रही हैं, प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी बढ़ा रही। आरएसएस जैसे संगठन समाज जागरण चला रहे। अंततः ये साजिशें विफल होंगी, क्योंकि सनातन धर्म लचीला और शाश्वत है। भारत की धरती ने हमेशा ऐसे हमलों का जवाब एकता से दिया है।

–वरिष्ठ पत्रकार

# श्रीराम मन्दिर ध्वजारोहण पर पाकिस्तान की बौखलाहट



ललित गर्ग

पाकिस्तान की भारत–निंदा की आदत कोई नई नहीं है; यह उसकी कूटनीति एवं संकीर्ण सोच का स्थायी चरित्र बन चुकी है। ऐसा शायद ही कोई अवसर हो जब भारत की बढ़ती शक्ति, बढ़ती साख और सांस्कृतिक उन्नयन का प्रभावी दृश्य उभरे और पाकिस्तान उसमें संकुचित मानसिकता से भरी त्रासद टिप्पणियां न करे, विरोध का वातावरण न बनाए या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनर्गल आरोपों का पुलिंदा न खोले। हाल ही में अयोध्याजी में श्रीराम मंदिर पर हुए ध्वजारोहण समारोह को लेकर उसकी बौखलाहट इसी मानसिक दिवालियापन का ताज़ा उदाहरण है। भारतीयता के स्वाभाविक सद्भाव में सेंध लगाने का कोई अवसर पाकिस्तान हाथ से नहीं जाने देता। यह केवल एक धार्मिक समारोह नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, सभ्यता–स्मृति और सांस्कृतिक स्वाभिमान का वह क्षण था जिसने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया। पाकिस्तान ने इस ऐतिहासिक घटना का विरोध ही नहीं किया बल्कि इसे संयुक्त राष्ट्र तक ले जाकर शिकायत की, जैसे उसे भारत के हर आंतरिक मामले में बाधा डालना ही अपनी कूटनीतिक जिम्मेदारी समझ में आता हो। इससे पहले भी उसने राम मंदिर निर्माण के अवसर पर अनर्गल विरोध दर्ज कराया था। यह उसका वह ढर्रा है जो भारत के सांस्कृतिक उत्थान एवं उन्नयन की किसी भी झलक को देखकर सहन नहीं कर पाता।

पूरे कुतर्क एवं कुचेष्टाओं के साथ अपने बयान में पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने आरोप लगाया है कि श्रीराम मन्दिर का ध्वजारोहण भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर दबाव बनाने की व्यापक प्रवृत्ति का परिणाम है। वैसे, दुनिया जानती है कि किस देश में अल्पसंख्यक ज्यादा दबाव में हैं। आज के समय में पाकिस्तान में बमुश्किल 50 लाख हिंदू बचे हैं, अन्य अल्पसंख्यक सिख और ईसाई तो न के बराबर हैं। पश्चिमी पाकिस्तान में बंटवारे से पहले करीब 15 प्रतिशत हिंदू रहा करते थे, पर बंटवारे के बाद हिंदुओं की संख्या 2 प्रतिशत के आसपास आ सिमटी। दूसरी ओर, भारत में 20 करोड़ से ज्यादा मुस्लिम हैं, इनकी संख्या अन्य अल्पसंख्यकों के साथ तेजी से बढ़ रही है। पाकिस्तान की ओर से यह फिजूल टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब पाकिस्तान खुद लंबे समय से हिंदुओं, ईसाइयों और अहमदिया मुसलमानों सहित दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का केंद्र बना हुआ है। संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में पूरे पाकिस्तान में ईसाइयों और हिंदुओं के खिलाफ हिंसा व उत्पीड़न जारी रहा है।

सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली कहावत के अनुसार पाकिस्तान की यह दखलअंदाजी केवल अस्वीकार्य ही नहीं, बल्कि उसकी दोहरी मानसिकता और पाखंडी चरित्र को भी उजागर करती है। विडंबना यह है कि जो देश स्वयं अपने ही नागरिकों को सुरक्षित रखने में असमर्थ है, जो अपने ही अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का हनन करता रहा है, वह भारत में मुसलमानों के अधिकारों की चिन्ता में रातभर जागने का अभिनय कर रहा है। वह देश, जहां हिंदुओं की आबादी 1947 से लेकर आज तक लगभग समाप्त होने की कगार पर पहुँच चुकी है, जहां सिखों पर अत्याचार के अनगिनत उदाहरण मौजूद हैं, जहां ईसाइयों की प्रार्थना सभाओं को अक्सर हिंसा का निशाना बनाया जाता है, वह भारत में अल्पसंख्यक अधिकारों पर प्रवचन देने का नैतिक अधिकार कैसे प्राप्त कर सकता है? पाकिस्तान की विश्वसनीयता इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि उसकी हर शिकायत एक राजनीतिक नौटंकी से अधिक कुछ नहीं रह जाती।



पाकिस्तान के इस व्यवहार के पीछे भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, उभरती वैश्विक प्रतिष्ठा और मजबूत होती राष्ट्र–चेतना का भय साफ दिखाई देता है। भारत आज जिस तेज़ी से विश्व राजनीति में प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है, उसकी आर्थिक शक्ति जितनी तेज़ी से बढ़ रही है और जिसके सांस्कृतिक और सभ्यतागत विमर्शों को वैश्विक स्तर पर सम्मान मिल रहा है, वह पाकिस्तान की बेचैनी का मूल कारण है। पाकिस्तान यह समझ चुका है कि भारत केवल राजनीतिक या आर्थिक शक्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में भी उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का पुनर्निर्माण और इसके साथ जुड़ी सांस्कृतिक चेतना भारतीय समाज के भीतर एक नई एकता, नई ऊर्जा और एक नए आत्मसम्मान का निर्माण कर रही है। यही वह शक्ति है जिसे पाकिस्तान सबसे अधिक डरता है क्योंकि एक आत्मविश्वासी, एकजुट और संस्कृति–प्राण भारत उसकी कट्टरपंथी राजनीति और भारत–विरोधी साजिशों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

पाकिस्तान की ओर से जो 'बुकलेट्स' और 'शिकायतें' अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पेश की जाती हैं, वे वस्तुतः उसकी असफल विदेश नीति का प्रमाण–पत्र हैं। एक ऐसा देश, जो आज आर्थिक दिवालियापन, राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद की जड़ों में स्वयं फंसा हुआ है, वह भारत के आंतरिक धार्मिक आयोजनों को राजनीतिक संकट बनाने का हास्यास्पद प्रयास करता है। उसका यह व्यवहार न केवल हस्तक्षेपकारी है, बल्कि उकसाने वाला भी है। भारत इन सब निराधार आरोपों को न केवल तथ्यात्मक रूप से खारिज करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर हर मंच पर सटीक जवाब देने की तैयारी भी रखता है। भारत की नीति स्पष्ट है, वह किसी भी देश के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देता, परंतु अपने आंतरिक मामलों पर किसी की दखलंदाजी भी स्वीकार नहीं करता। भारत की आंतरिक नीतियाँ संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था से संचालित होती हैं। यहां का अल्पसंख्यक समुदाय किसी भी अन्य समुदाय की तरह समान अधिकारों का उपभोग करता है। भारत की भूमि पर हर धर्म, पंथ और विचारधारा को समान रूप से सम्मान मिलता है। यह विविधता और समभाव वाला देश है जहाँ मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च केवल स्थापत्य संरचनाएँ नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के बहुरंगी फूल हैं। पाकिस्तान की एकरंगी धार्मिक नीति और कट्टरपंथी दबदबा इसे समझ नहीं पाता, इसलिए वह भारत के धार्मिक आयोजनों पर आपत्ति जताकर अपनी ही सीमित सोच को उजागर करता है।

भारत ने हर चुनौती, हर आरोप और हर उत्तेजक बयान का शांतिपूर्ण और तथ्याधारित उत्तर दिया है। यह संयम उसकी शक्ति भी है और संस्कृति भी। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत किसी उकसाने वाले कदम को नजरअंदाज करेगा। समय–समय पर भारत ने यह दिखाया है कि वह केवल सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामरिक, कूटनीतिक और आर्थिक स्तर पर भी पर्याप्त सक्षम है। पाकिस्तान यह भलीभांति जानता है कि भारत अब इक्कीसवीं सदी का भारत है–आत्मनिर्भर, जागृत, संगठित और विश्व–मान्य शक्ति। अयोध्या में राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल का पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि भारत की आत्मा से जुड़े सांस्कृतिक पुनर्जागरण की गूंज है। इसे कोई अंतरराष्ट्रीय मंच कमतर नहीं कर सकता। पाकिस्तान चाहे कितनी भी शिकायतें कर ले, कितने भी बयान जारी कर दे, या कितनी भी झूठी कहानियां गढ़ ले, भारत की सांस्कृतिक चेतना का उभार अविराम है और यह आगे भी नए आयाम स्थापित करता रहेगा।सच यह है कि पाकिस्तान की यह बौखलाहट उसकी पराजित मानसिकता का परिचायक है। भारत की बढ़ती शक्ति, बढ़ती प्रतिष्ठा और उभरती सांस्कृतिक पहचान उसके लिए सबसे बड़ा संकट है। लेकिन भारत का रास्ता स्पष्ट है–वह आगे बढ़ेगा, अपनी सभ्यता को सशक्त करेगा, अपनी संस्कृति को विश्व–पटल पर स्थापित करेगा और किसी भी अनर्गल हस्तक्षेप का दृढ़ता से सामना करेगा। पाकिस्तान चाहे कितने ही मोर्चों पर खतरा बने, भारत हर मोर्चे पर उत्तर देने में सक्षम है–साहस से भी, और संस्कार से भी।

–लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### व्हाइट हाउस के निकट नेशनल गार्ड सदस्यों पर गोलीबारी के बाद एक अफगान नागरिक हिरासत में

**वाशिंगटन :** व्हाइट हाउस के निकट वेस्ट वर्जीनिया नेशनल गार्ड के दो सदस्यों पर गोलीबारी करने को लेकर एक अफगान नागरिक को आरोपित किया गया है। अधिकारियों के अनुसार संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) निदेशक काश पटेल ने कहा कि घटना की जांच आतंकवादी कृत्य के रूप में की जा रही है। पटेल और वाशिंगटन की मेयर म्यूरियल बोसर ने कहा कि बुधवार दोपहर हुई घटना के बाद दोनों सुरक्षाकर्मियों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### श्रीलंका में मूसलाधार बारिश, भूस्खलन के कारण 31 लोगों की मौत

**कोलंबो :** श्रीलंका में बीते 11 दिन में मूसलाधार बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 31 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 4,000 लोग प्रभावित हुए हैं। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि अकेले मध्य पर्वतीय जिलों में 18 लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। डेली मिरर ऑनलाइन की खबर के अनुसार एक भयावह घटना में, कुंबुक्कना में बढ़ते जलस्तर के बीच एक यात्री बस फंस गई, जिसके बाद आपात दलों ने 23 यात्रियों को सफलतापूर्वक बचा लिया। अडाडेराना समाचार पोर्टल ने बताया कि करीब 10 लोग घायल हुए हैं जबकि 14 लोग लापता बताए जा रहे हैं। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने 25 में से 17 प्रशासनिक जिलों में बिगड़ती स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई है। मौसम ब्यूरो के अनुसार देश के दक्षिण पूर्व में एक निम्न दाब क्षेत्र बना, जो बाद में एक अवदाब क्षेत्र में बदल गया। ब्यूरो के अनुसार फिलहाल वह बट्टीकलोआ से 210 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में स्थित है।

### बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना को भ्रष्टाचार के तीन मामलों में 21 साल की सजा

**ढाका :** बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को एक सरकारी आवास परियोजना के लिए भूमि आवंटन में अनियमितताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में बृहस्पतिवार को 21 साल की जेल की सजा सुनाई। ढाका विशेष न्यायाधीश न्यायालय–5 के न्यायाधीश मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने हसीना (78) को पूर्वाचल स्थित राजुक न्यू टाउन परियोजना में भ्रष्टाचार के तीन मामलों में सात–सात साल की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने कहा कि हसीना को ये सजाएं एक के बाद एक काटनी होंगी और कुल सजा 21 साल की होगी। न्यायाधीश ने हसीना पर प्रत्येक मामले में एक लाख टका का जुर्माना भी लगाया और राशि जमा न करने पर 18 महीने अतिरिक्त जेल में रहने की सजा सुनाई। न्यायाधीश मामून ने हसीना के बेटे साजिब वाजेद जॉय और बेटी साइमा वाजेद पुतुल को भी राजधानी के पास स्थित आवासीय परियोजना में उनके खिलाफ दर्ज मामलों में पांच–पांच साल कैद की सजा सुनाई। जॉय और पुतुल पर एक–एक लाख टका का जुर्माना लगाया गया और इसका भुगतान न करने पर एक महीने अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा, 'भूखंड शेख हसीना को बिना किसी आवेदन के और गैरकानूनी तरीके से आवंटित किया गया था।'

## वर्ग पहेली नं. 3276

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| ■ | ■ | | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | | 11 | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| 17 | 18 | 19 | | ■ | 20 | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | 24 | | ■ | |
| 25 | | ■ | 26 | | ■ | | ■ | 27 | |
| | ■ | 28 | | | | | ■ | | ■ |
| 29 | | | ■ | | ■ | 30 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) लगाई बुझाई, 4) एक राजस्थानी शहर, 7) सुगंध, 9) बुद्धि, 10) असह्य; दोज़ख़ी, 12) घोटना; मलना, 14) शिशु, 15) दरदरा आटा, 17) अग्रिम भुगतान; उपहार, 21) ज्ञान की चाह, 22) प्रसिद्धि; शीर्षक, 23) अभियोग, 25) मेंहदी, 26) संन्यासी, 27) कोई और, 28) प्रभावी, 29) सुदृढ़, 30) भयकंप.

*ऊपर से नीचे:-* 2) छोकरी, 3) 500 तावाली कागज़ की गड्डी, 4) बहुधा, 5) भेड़ का बच्चा, 6) कामदेव की पत्नी, 8) मैं और वे, 10) अनाड़ी, 11) एक नदी, 13) बड़ों के साथ रहनेवाले लोग, 16) असाधारण, 18) स्त्रियोचित, 19) सियापति, 20) सही, 23) कल्याणकारी, 24) भरत-पिता, 25) साहस, 26) गंध, 27) ईश्वर, 28) विलंबित.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़ | ल | ज़ | ला | ■ | अ | स्थि | ■ | दु | आ |
| ह | ■ | ह | ■ | ■ | स | र | स | ■ | दा |
| रि | ■ | म | श | हू | र | ■ | न | वी | न |
| ला | ग | त | ■ | ■ | दा | ह | क | ■ | प्र |
| ■ | प | ■ | बे | श | र | म | ■ | स | दा |
| ■ | श | ला | का | ■ | ■ | ला | ल | म | न |
| चु | प | ■ | री | झ | ना | ■ | ■ | र्थ | ■ |
| ड़े | ■ | ता | ■ | प | नी | ला | ■ | नी | म |
| ल | ज्जा | ज | न | क | ■ | वा | ता | य | न |

## सुडोकू-पहेली-3234

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | | 1 |
| | | | | 1 | 5 | 6 | | 4 |
| | | | | 4 | 3 | | | |
| | | 1 | | | 8 | | | |
| | 5 | | 9 | | | | 6 | |
| 3 | | | | | | | 5 | |
| | | | | | | 4 | | |
| 4 | | 3 | | | | | 2 | 7 |
| | | 2 | 5 | 6 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3233 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 2 | 7 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 3 | 2 | 1 | 8 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 |

# 'एसएलएसटी 2025 उम्मीदवारों की ओएमआर शीट करें जारी', एसएससी को हाई कोर्ट का निर्देश



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) को एक बड़ा निर्देश देते हुए कहा कि वह एसएलएसटी 2025 परीक्षा देने वाले सभी उम्मीदवारों की ओएमआर शीट्स सार्वजनिक करे, ताकि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष हो। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने सुनवाई के दौरान कहा कि शुरुआत से ही पारदर्शिता जरूरी है, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी या अवैध नियुक्ति की गुंजाइश न रहे। अदालत ने एसएससी को आदेश दिया कि नौवीं-10वीं और 11वीं-12वीं कक्षा के उम्मीदवारों की ओएमआर शीट्स वेबसाइट पर डाल दी जाएं, जिससे कोई भी उम्मीदवार या पक्ष किसी प्रकार की शिकायत न कर सके। इसके साथ ही अदालत ने 2016 की एसएलएसटी भर्ती में पैनल की अवधि खत्म होने के बाद जिन उम्मीदवारों को शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था, उनकी सूची भी अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने बताया कि 2016 एसएलएसटी में कक्षा 11-12 का पैनल नवंबर 2018 में और कक्षा 9-10 का पैनल मार्च 2019 में ही समाप्त हो चुका था।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील सुदीप्तो दासगुप्ता ने अदालत को बताया कि एसएससी ने सिर्फ उन उम्मीदवारों को दागी बताया है, जिनकी ओएमआर शीट में मिलान नहीं हुआ। जबकि उन लोगों के नाम सूची में शामिल नहीं किए गए हैं, जिन्हें पैनल की अवधि समाप्त होने के बाद अवैध रूप से नौकरी दी गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट साफ कह चुका है कि कोई भी दागी उम्मीदवार दोबारा भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकता। अगर कोई गलती से शामिल हो भी जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी जांच के बाद रद्द होनी चाहिए। अदालत के इस आदेश के बाद एसएससी की पारदर्शिता और पुराने नियुक्ति घोटाले को लेकर बहस फिर तेज हो गई है। इस मामले पर अब सबकी निगाहें 10 दिसंबर की अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

## शैक्षिक व शिक्षेत्तर कर्मचारियों की भर्ती 31 दिसंबर तक पूरी होने की उम्मीद : शिक्षा मंत्री

### कहा... 'एसएससी नई भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पारदर्शी तरीके से काम कर रहा हैं'



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने गुरुवार को कहा कि स्कूल सेवा आयोग उच्चतम न्यायालय के उस आदेश के बाद नई भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पारदर्शी तरीके से काम कर रहा है, जिसमें हजारों शैक्षिक एवं शिक्षेत्तर कर्मचारियों की नौकरियां रद्द कर दी गई थीं। इस साल के शुरुआत में शीर्ष अदालत ने 2016 की एसएससी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को गलत और दागी बताते हुए सरकारी एवं सरकारी मदद प्राप्त स्कूलों में नियुक्त 25,753 शैक्षिक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की नौकरियों को अमान्य कर दिया था। यह देखते हुए कि शीर्ष अदालत ने एसएससी को परीक्षा और साक्षात्कार आयोजित कर 31 दिसंबर तक भर्ती प्रक्रिया पूरी करने को कहा है, बसु ने संवाददाताओं से कहा कि हमें इस मुद्दे को समय पर और पारदर्शी तरीके से सुलझाने का भरोसा है। उन्होंने दावा किया कि 7 सितंबर और 14 सितंबर की भर्ती प्रक्रिया विशिष्ट थी और देश में पहली बार हुआ कि उम्मीदवारों के लिए माडल आंसर की अपलोड की गईं और हर शीट के लिए एक कार्बन कापी दी गई। उन्होंने कहा कि हर नियम और व्यवस्था का पालन किया गया, और एक भी छद्म उम्मीदवार का नाम अभ्यर्थियों की सूची में नहीं था। मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि हमारा काम 31 दिसंबर तक भर्ती प्रक्रिया पूरी करना है और हम यह सुनिश्चित करेंगे। भविष्य में किसी संभावित अदालती आदेश पर इस समय सीमा में आने वाली रुकावट के बारे में पूछे जाने पर, बसु ने कहा कि सरकार काल्पनिक स्थितियों पर कमेंट नहीं करती है।

## मालदह में मध्यस्था बैठक के दौरान टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या, सात लोगों को लिया गया हिरासत में



**मालदह :** जिले में मध्यस्था बैठक (अवैध अदालत) में हिंसा हो जाने के बाद गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कालियाचक थाना क्षेत्र के राजनगर में खेत में ट्रैक्टर चलाने को लेकर विवाद को सुलझाने के लिए हो रही 'कंगारू कोर्ट' (अवैध अदालत) के दौरान यह घटना हुई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान इकरामुल शेख (45) के रूप में हुई है। इकरामुल और टीएमसी बूथ अध्यक्ष समसुल शेख के बीच कई दिनों से विवाद था तथा दोनों ने पहले पुलिस से संपर्क किया था, लेकिन उनके परिवारों का दावा है कि कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई। पुलिस ने बताया कि एक ट्रैक्टर के खेत में घुस जाने से मंगलवार को मक्के की फसल नष्ट हो गई। विवाद सुलझाने के लिए तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता ने राजनगर मॉडल मदरसे में एक बैठक बुलाई और सुनवाई के दौरान समसुल को कथित तौर पर कान पकड़कर उठक-बैठक करने को कहा गया। पुलिस ने बताया कि इससे गुस्से में आकर समसुल ने कथित तौर पर एक धारदार हथियार निकाला और इकरामुल पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, हमले में इकरामुल को कई चोटें आईं और आस-पास खड़े कई अन्य लोग भी घायल हो गए। इकरामुल को मालदह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि घटना स्थल पर तत्काल बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में कुल सात लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## पूर्वी भारत में होने जा रहा है 'ईस्ट इंडिया प्रिंट एंड पैक एवं ईस्टर्न साइनेज 2025' का भव्य आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वी भारत के प्रिंटिंग, पैकेजिंग और साइनेज उद्योग से जुड़ा प्रमुख आयोजन 'ईस्ट इंडिया प्रिंट एंड पैक एवं ईस्टर्न साइनेज 2025' 28 नवंबर यानी आज बिश्वा बंगला मेला प्रांगण (मिलन मेला) में आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीडबल्यूबीटीए के अध्यक्ष **सुशील पोद्दार** उपस्थित रहेंगे और प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। यह आयोजन डीबीएस इंटरनेशनल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में डिजिटल, ऑफसेट, स्क्रीन और पैकेजिंग प्रिंटिंग तकनीक, लेबलिंग सॉल्यूशंस, कोरुगेशन मशीनरी, नॉन-वोवन पैकेजिंग सामग्री, बाइंडिंग एवं फिनिशिंग तकनीक समेत विभिन्न नवीनतम उपकरण प्रदर्शित किए जाएंगे। साथ ही, एलईडी साइनेज, विनाइल-फ्लेक्स प्रिंटिंग, डिस्प्ले उपकरण और आधुनिक साइनेज निर्माण तकनीक भी आकर्षण का हिस्सा होंगी। कई प्रदर्शक लाइव मशीन डेमो भी प्रस्तुत करेंगे, जिससे उद्योग से जुड़े लोगों को तकनीकी जानकारी और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम 28 नवंबर हॉल नंबर ए में शुरू होगा। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन उद्योग जगत को व्यापारिक अवसरों, तकनीकी नवाचारों और नेटवर्किंग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

## ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स ने ट्रांसशिपमेंट सेंटर्स का विस्तार और पुनर्वर्गीकरण किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने अपने घरेलू सप्लाई चेन व्यवसाय-एक्सप्रेस डिस्ट्रीब्यूशन और कंसल्टेटिव लॉजिस्टिक्स-के पुनर्गठन की मंजूरी मिलने के बाद अपने परिचालन नेटवर्क में बड़े बदलाव की घोषणा की। यह कदम कंपनी की परिचालन दक्षता बढ़ाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और भविष्य के हिसाब से तैयार लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम बनाने की कोशिशों का हिस्सा है। इस पहल के तहत कंपनी ने देशभर में अपने ट्रांसशिपमेंट सेंटर्स की संख्या 21 से बढ़ाकर 71 कर दी है और नेटवर्क को भौगोलिक क्षेत्रों के अनुसार पुनर्गठित किया है। नया ढांचा भारत के लगभग 100% जीडीपी को कवर करता है और इसके माध्यम से उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में बेहतर कनेक्टिविटी, तेज टर्नअराउंड और विश्वसनीय सेवा सुनिश्चित की जाएगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ केतन कुलकर्णी ने कहा, यह पुनर्वर्गीकरण हमारे देशव्यापी लॉजिस्टिक्स ढांचे को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कदम है। यह बदलाव व्यवसायों के बीच तालमेल बढ़ाकर बाजार में बेहतर पहुंच और ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने में मदद करेगा।

## बीएफएसआई सेक्टर का वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही में मजबूत प्रदर्शन का अनुमान

**कोलकाता, समाज्ञा :** केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज इंडस्ट्री (बीएफएसआई) वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही में मजबूत प्रदर्शन के लिए तैयार है। बैंकिंग उद्योग ने मजबूती दिखाई है और पब्लिक सेक्टर बैंकों में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) ऐतिहासिक रूप से अपने सबसे निचले स्तर पर हैं। वित्त वर्ष 26 में बैंकिंग क्रेडिट में 11.5%-12.5% की सालाना वृद्धि की संभावना है। एनबीएफसी क्षेत्र में भी सुधार देखा गया है। कर प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति वित्त वर्ष 21 से 1.7 गुना बढ़ी है और एयूएम में रिटेल का हिस्सा वित्त वर्ष 25 में 56% तक पहुंच गया। केयरएज रेटिंग्स के सचिन गुप्ता ने बताया कि बैंकिंग क्रेडिट ऑफटेक धीरे-धीरे सुधर रहा है और ब्याज दरों में कटौती से लाभप्रदता और निगरानी महत्वपूर्ण बनी रहेगी। एनबीएफसी ने बैंकों से बेहतर क्रेडिट ग्रोथ दिखाते हुए संपत्ति गुणवत्ता में सुधार किया है।




एचसीजी कैंसर सेंटर ने फेफड़ों के कैंसर जागरूकता के लिए आयोजित किया साइक्लोथॉन

## सेल सीएमओ में कवि सम्मेलन : शब्दों की शक्ति ने मनमोहक इंद्रधनुष रचा



**कोलकाता, समाज्ञा :** सेल कोलकाता में यादगार शाम 26 नवंबर की सांझ भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) की सेल, सी एम ओ में एक अनमोल आयोजन का साक्षी बनी, जहाँ कविताओं की मधुर सुरभि, हास्य की कमालिया और भावनाओं की गहराई ने हर दिल को छू लिया। अपराह्न बेला में सेल के कार्यपालक निदेशक प्रभारी श्री सुरेश राजा मोहन, कार्यपालक निदेशक (विपणन सेवाएं) श्री अनिल कुमार अरोड़ा, मुख्य महाप्रबंधक वित्त लेखा सुश्री सुनंदा नाग, महाप्रबंधक (मानव संसाधन)श्री प्रशांत ओझा एवं संजीत दास एवं राजभाषा अधिकारी श्री अजय शंकर मिश्र सहित आमंत्रित कवियों ने दीप प्रज्वलित कर इस साहित्यिक महोत्सव का शुभारंभ किया। प्रारंभ में सेल के राजभाषा अधिकारी श्री मिश्र ने सभी आगत अतिथियों का काव्यमयी स्वागत किया तथा उपस्थित कवियों को सेल कर्मियों का परिचय अपनी एक स्वरचित कविता के माध्यम से कराते हुए पूरा माहौल ही खुशनुमा बना दिया। इस आयोजन में कविताओं की ऐसी उमंग थी जैसे शब्दों में बसंत की बहार आ गई हो। श्री त्रिपाठी ने विगत दिनों दिल्ली में हुई जगह ने हम दुर्भाग्यपूर्ण घटना की झलक भी अपनी कविता के माध्यम से दिखाई और उसे बम ब्लास्ट की घटना पर केंद्रित अपनी कविता सुनाकर श्रोताओं को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आज इंसानियत कितनी शर्मसार हो चुकी है।वहीं प्रसिद्ध हास्य कवि- जयकुमार रुसवा ने अपनी प्रस्तुति से मंच का रंग ही पलट दिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सेल अधिकारी अजय शंकर मिश्र ने प्रतिभाशाली कवियों का परिचय दिलकश अंदाज में दिया, जिससे माहौल में उत्साह और भी बढ़ गया। हर कविता और हास्य प्रस्तुति ने श्रोताओं के दिलों में तालियों की गूँज भर दी, तन-मन को तरोताजा करते हुए उन पलों को अविस्मरणीय बना दिया।

## पर्पल लाइन में 01 दिसंबर से बढ़ेंगी मेट्रो सेवाएं, सेवा समय का विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। 1 दिसंबर 2025 से पर्पल लाइन पर सप्ताह के दिन अधिक मेट्रो सेवाएं संचालित की जाएंगी और सेवा समय का विस्तार किया जाएगा। यह विशेष रूप से उन उपनगरीय यात्रियों के लिए लाभकारी होगा जो माजेरहाट स्टेशन से पूर्व रेलवे की लोकल ट्रेन सेवाओं का उपयोग करते हैं। इस बदलाव के तहत सोमवार से शुक्रवार तक दैनिक 84 सेवाएं (42 अप और 42 डाउन) संचालित की जाएंगी, जो वर्तमान में 80 सेवाओं (40 अप और 40 डाउन) के मुकाबले अधिक हैं। नई पहली सेवा जोका से माजेरहाट 06:40 बजे और माजेरहाट से जोका 07:03 बजे शुरू होगी। आखिरी सेवा जोका से माजेरहाट 21:05 बजे और माजेरहाट से जोका 21:26 बजे चलेगी। इस सेवा विस्तार से सियालदह-बजबज लाइन के यात्रियों को विशेष रूप से सुबह और देर शाम के समय में सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि पर्पल लाइन की शनिवार सेवाएं 22 नवंबर से शुरू की गई हैं, जिसमें 40 सेवाएं (20 अप और 20 डाउन) संचालित होती हैं। रविवार को इस लाइन में कोई सेवा उपलब्ध नहीं होगी।

## यूरोफ्रैग्रेंस ने अपना नया खास खुश्बू वाला तत्व 'ओलीवांटे' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंटरनेशनल परफ्यूम निर्माता कंपनी यूरोफ्रैग्रेंस ने ब्यूटीवर्ल्ड मिडिल ईस्ट ट्रेड शो में अपनी नई एक्सक्लूसिव परफ्यूम सामग्री ओलीवांटे लॉन्च की। यह कंपनी की चौथी विशेष सामग्री है, जो परफ्यूम को अधिक समृद्ध, गहन और लंबे समय तक टिकने वाला बनाती है। प्राकृतिक स्रोतों से तैयार यह तत्व पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों पर आधारित है। ओलीवांटे में कस्तूरी जैसी एनिमल नोट्स मौजूद हैं, जो मध्य-पूर्व के मुखल्लत और ओरिएंटल परफ्यूम में पसंद की जाती हैं। भारत के जनरल मैनेजर मयूर काप्से के अनुसार यह भारतीय ग्राहकों की पसंद के अनुरूप है, विशेषकर उनके लिए जो शमामा जैसी तीखी सुगंध पसंद करते हैं। यूरोफ्रैग्रेंस के परफ्यूमर्स का कहना है कि यह तत्व फूलों और फलों की खुशबू को और गहरा बनाता है। जैतून के तेल के उत्पादन में बची सामग्री से तैयार यह पूरी तरह प्राकृतिक तत्व है और अभी पेटेंट प्रक्रिया में है।

## कोलकाता में 350वें शहीदी गुरुपर्व पर प्रेसिडेंसी करेक्शन होम में कार्यक्रम आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी गुरुपर्व के अवसर पर प्रेसिडेंसी करेक्शन होम के अंदर श्रद्धा और सादगी के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा सिख समाजसेवी सुरेंद्रपाल सिंह गग्गी की पहल पर संपन्न हुआ, जिन्हें उनकी दयालुता और सेवा भावना के लिए समाज में एक सच्चा नेता माना जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत गुरबाणी पाठ के साथ हुई, जिसके बाद हिंद दी चादर के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। सुरेंद्रपाल सिंह गग्गी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की महान शिक्षाएं कठिन परिस्थितियों में भी लोगों को सुधार, उम्मीद और आंतरिक शांति की दिशा दिखाती हैं। उन्होंने कैदियों को अपने आचरण और विचारों में गुरु की शिक्षाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन कड़ा प्रसाद के वितरण के साथ हुआ, जिसे श्रद्धा और भक्ति भाव से तैयार कर सभी कैदियों में बांटा गया। करेक्शन होम प्रशासन ने इस पहल की खुले मन से सराहना की और कहा कि ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम कैदियों को मानसिक और नैतिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। सुरेंद्रपाल सिंह गग्गी की इस पहल ने एक बार फिर उनकी मानवता और सेवा भावना को प्रमाणित किया, और गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं का प्रकाश करेक्शन होम के भीतर भी फैलाने का अवसर प्रदान किया।

## हिंदी मेला में वरिष्ठ रंगकर्मी अमिताभ श्रीवास्तव को माधव शुक्ल नाट्य सम्मान



**कोलकाता, समाज्ञा :** सांस्कृतिक पुनर्निर्माण मिशन और भारतीय भाषा परिषद द्वारा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के वरिष्ठ रंगकर्मी अमिताभ श्रीवास्तव को 2025 का माधव शुक्ल नाट्य सम्मान -2025 प्रदान करने की घोषणा की गई। सांस्कृतिक पुनर्निर्माण मिशन के संयुक्त महासचिव प्रो. संजय जायसवाल ने बताया कि कोलकाता में 26 दिसंबर से शुरू होने वाले 31वें हिंदी मेला में सम्मान स्वरूप 11 हजार की राशि, स्मृति चिह्न और मानपत्र प्रदान किया जाएगा। निर्णायक समिति में डॉ.शंभुनाथ, रंगकर्मी महेश जायसवाल, मृत्युंजय श्रीवास्तव एवं सुशील कांति थे। 2025 के माधव शुक्ल नाट्य सम्मान से सम्मानित अमिताभ श्रीवास्तव लगभग पांच दशकों से रंगकर्म में सक्रिय हैं। अमिताभ श्रीवास्तव ने 1979 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से अभिनय में विशेषज्ञता के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वह दिल्ली थिएटर से जुड़े रहे और ई. अल्काज़ी, ब.व. कारंत, सत्यव्रत सिंह, फ्रिट्ज़ बेनेविट्ज़ (जर्मनी), बैरी जॉन, प्रसन्ना, रंजीत कपूर, देवेंद्र राज अंकुर, एम.के. रैना अमाल अल्लाना जैसे प्रमुख थिएटर निर्देशकों के नाटकों में अभिनय किया। विगत 50 वर्षों में उन्होंने 100 से अधिक नाटकों में अभिनय किया है, साथ ही कुछ टीवी धारावाहिकों और गोविंद निहलानी, बासु चटर्जी, कमल हसन, देव बेनेगल, प्रियदर्शन और अभिषेक कपूर जैसे निर्देशकों के साथ वे फीचर फ़िल्मों में काम कर चुके हैं। नाट्य लेखन और पटकथा लेखन में उनकी विशेष रुचि रही है; नाटक के कुछ प्रमुख वर्ल्ड क्लासिक्स का अनुवाद और रूपांतरण करने के अलावा उन्होंने टेलीविज़न के लिए मूल पटकथाएं लिखी हैं और 'अभय' और 'व्हाइट रेनबो' जैसी फीचर फिल्मों के लिए संवाद भी लिखा है। अमिताभ श्रीवास्तव को अभिनय के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए वर्ष 2011 के संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## हावड़ा में संविधान दिवस सम्मानपूर्वक मनाया गया



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में 26 नवंबर को संविधान दिवस सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम नई डीआरएम बिल्डिंग में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य भारत के संविधान के अंगीकरण की स्मृति को पुनः जीवित करना और नागरिकों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा मूल संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत हावड़ा के डीआरएम विशाल कपूर द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से प्रस्तावना का वाचन किया, जो संविधान के प्रति सम्मान और उसके सिद्धांतों का पालन करने की पुनर्पुष्टि का प्रतीक था। अपने संबोधन में श्री कपूर ने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की भावना को हर नागरिक के आचरण और कार्य संस्कृति में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है।

## सियालदह मंडल में संविधान दिवस पर विशेष समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में 26 नवंबर को संविधान दिवस श्रद्धा और देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डीआरएम राजीव सक्सेना ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर समारोह का नेतृत्व किया। उनके साथ उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से प्रस्तावना पढ़ते हुए संविधान के मूल्यों का पालन करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम सियालदह स्थित मंडल नए मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें एडीआरएम, शाखा अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। सामूहिक संकल्प के माध्यम से न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति निष्ठा व्यक्त की गई। अपने संबोधन में श्री सक्सेना ने 26 नवंबर 1949 की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की भावना और हर नागरिक के अधिकारों व कर्तव्यों का आधार है।

## लायन्स काकुड़गाछी हॉस्पिटल में इंडोस्कोपी विभाग का शुभारंभ, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की योजना



**कोलकाता, समाज्ञा :** लायन्स काकुड़गाछी हॉस्पिटल में इंडोस्कोपी विभाग का शुभारंभ विनीता महानसरिया और संदीप कुमार महानसरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभाग को मानव सेवा के लिए समर्पित करते हुए कहा कि यह सुविधा मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हॉस्पिटल के चेयरमैन विश्वनाथ केशान, वाइस चेयरमैन राजेंद्र परमानंदका और पूर्व चेयरमैन बी. पी. यादुका ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि हॉस्पिटल को शीघ्र ही आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। आगामी योजनाओं में 5-बेड का आईसीयू, 12-बेड का एचडीयू, 7 केबिन, 3 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और एसी वार्ड शामिल हैं। महानसरिया परिवार ने हॉस्पिटल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और लायन्स सदस्यों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में सहयोग देने का आश्वासन दिया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन दीपक बंका ने किया और अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर लायन अमित अग्रवाल, अनुभव जयसवाल, पी. के. रुंगटा, कृष्ण मुरारका, डॉ. दीपक शाह, डॉ. मीनाक्षी गंगोपाध्याय, पुनीत केशान, पायल केशान, अजय साव, एम. डी. याग्निक, पारोमिता मिश्रा सहित कई लायन सदस्य उपस्थित रहे।

## मेट्रो रेलवे भवन में संविधान दिवस समारोह संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। यह दिन भारतीय संविधान के अंगीकरण की याद दिलाने के लिए हर साल मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत का संविधान अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। इस अवसर पर मेट्रो रेल भवन में आयोजित समारोह में शुभ्रांसु एस. मिश्रा ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से प्रस्तावना का पाठ किया, जो संविधान के मूल सिद्धांतों-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व-के प्रति उनके सम्मान और प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। इस समारोह का उद्देश्य कर्मचारियों और अधिकारियों को संविधान की मूल भावना के प्रति जागरूक करना और इसे अपने कार्य एवं सामाजिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

# मृत व्यक्ति के एसआईआर में नाम चढ़ाने का आरोप, बांग्लादेशी गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के डानकुनी थाना क्षेत्र से मृत व्यक्ति के नाम पर आए एसआईआर फॉर्म का इस्तेमाल कर वोटर लिस्ट में नाम चढ़ाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नादिम सरदार नामक एक बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया गया। यह मामला डानकुनी नगरपालिका के 20 नंबर वार्ड के माथुरडांगी इलाके का है। साल 2015 में डानकुनी के मोहसिन खान की मौत हो गई थी। उन्हीं के नाम पर नादिम ने फॉर्म भरने की कोशिश की। यह आरोप मृत मोहसिन के परिजनों ने लगाया। यहां तक कि उसने मोहसिन का वोटर कार्ड भी हासिल कर लिया था। मोहसिन के बड़े भाई मइदुल खान पता चला की उनके दिवंगत भाई के नाम पर आए एसआईआर



फॉर्म को एक बांग्लादेशी युवक ने भर दिया है। नादिम पिछले 17 साल से डानकुनी में रहता है। आरोप है कि वह पैसे लेकर लोगों के लिए वोटर कार्ड बनवाता था। लेकिन एसआइआर प्रक्रिया शुरू होते ही वह चिंतित हो गया। दस्तावेज न दिखा पाने की स्थिति में क्या होगा। यह सोचकर उसने यह चाल चली।

नादिम ने पैसे देकर मोहसिन का एन्यूमरेशन फॉर्म जुटाया और उसमें अपनी तस्वीर लगाकर एसआइआर फॉर्म जमा कर दिया। घटना सामने आते ही बुधवार रात माथुरडांगी इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। स्थानीय लोगों ने नादिम को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस उसे थाने ले गई पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फर्जी वोटर कार्ड बनाने के आरोप में पुलिस गोबरा शिबतला के रहने वाले रवीन चक्रवर्ती नाम के एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को दोनों को श्रीरामपुर अदालत में पेश किया गया। पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर यह जानने की कोशिश कर रही है कि यह पूरा गिरोह कितना बड़ा है, और किस तरह मृत व्यक्ति के दस्तावेज का उपयोग कर एसआईआर सूची में नाम चढ़ाने की योजना बनाई गई। अदालत ले जाते समय नादिम ने कहा वोटर कार्ड मैंने खुद बनाया है। 17 साल से भारत में हूं। मेरा कोई पासपोर्ट नहीं है। डानकुनी शहर तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष प्रकाश राहा ने कहा कि हमने सुना है कि नादिम नाम का व्यक्ति मृत मोहसिन खान का फॉर्म लेकर अपनी तस्वीर लगाकर एसआ-इआर फॉर्म जमा कर चुका है। अगर कोई दोषी है तो उसे सजा जरूर मिलेगी। बीजेपी नेता दिलीप सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एसआईआर शुरू होते ही बांग्लादेशियों में भगदड़ मच गई है। नादिम जैसे कई लोग हैं। तृणमूल ने पैसों के बदले वोटर कार्ड बनवाए हैं। अब लोग देखें कि इन्होंने जनता का किस तरह नुकसान किया है।

# श्रीरामपुर में हवस का शिकार बनी मासूम

## खाने का लालच देकर किया दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र में मासूम से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि पहले खाने का लालच दिया फिर डर दिखाकर 11 साल की नाबालिका से दुष्कर्म का किया गया। इस घटना के संज्ञान में आने से इलाके में तनाव फैल गया है। पीड़िता के परिवार का आरोप है कि पिछले तीन-चार दिनों से पड़ोसी युवक चॉकलेट का लालच देकर उसे अपने घर बुलाता था। वहीं डर दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म करता था। नाबालिग को किसी को न बताये जाने के लिए धमकाता और डराता था लेकिन कई बार दुष्कर्म के कारण किशोरी की शारीरिक स्थिति बिगड़ने लगी। शुरुआत में उसने कुछ नहीं बताया,



लेकिन अंतत मंगलवार को पीड़िता ने अपनी मां को आपबीती बताई। नाबालिका की मां दूसरों के घरों में नौकरानी का काम करती हैं। दिन में बच्ची घर पर अकेली रहती थी। उसी मौके का फायदा उठाकर पड़ोसी युवक ने यह घिनौनी हरकत की। बेटी के मुंह से सारी बात सुनते ही मां ने पुलिस में जाने का फैसला किया। वह बेटी को लेकर सीधे श्रीरामपुर थाने पहुंचीं और लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। आरोपी युवक को इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इधर घटना सामने आते ही क्षेत्र के अन्य पड़ोसी भी आक्रोशित हो उठे हैं। परिवार के साथ-साथ वे भी आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि आरोपी को उदाहरणात्मक सजा दी जानी चाहिए। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को श्रीरामपुर अदालत में पेश किया, जहां न्यायाधीश ने फिलहाल उसे जेल हिरासत में भेजने का निर्देश दिया है।

# डायमंड हार्बर में केंद्रीय मंत्री सुकांत का काफिला रोका गया, लगे 'गो बैक' के नारे

## तृणमूल पर आरोप, तृणमूल ने इसे भाजपा की अंदरूनी फूट का नतीजा बताया

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी के संसदीय क्षेत्र दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर में गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री व भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजूमदार को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। कथित तौर पर, तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनके काफिले को थोड़ी देर के लिए रोक दिया और उनके खिलाफ गो बैक के नारे लगाए। इसके चलते वहां तनाव फैल गया। सुकांत ने घटना के लिए तृणमूल को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों को खारिज करते हुए इसे भाजपा के भीतर अंदरूनी फूट का नतीजा बताया। यह घटना उस समय



घटी जब सुकांत अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर में हाल में घायल हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने जा रहे थे। कथित तौर पर, सरसिया के पास तृणमूल समर्थकों ने उनका काफिला रोककर उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, हाल में बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली बंपर जीत की खुशी में इस हफ्ते की शुरुआत में इलाके में विजय रैली निकालने के दौरान हुई झड़पों में करीब एक दर्जन भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए थे। घायलों का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बुधवार की देर रात में ही विदेश दौरे से कोलकाता लौटे सुकांत दिन में उन कार्यकर्ताओं से मिलने जा रहे थे। जैसे ही सुकांत का काफिला दोपहर बाद सरसिया में घुसा, युवाओं के एक समूह ने उनकी गाड़ियों को घेर लिया, गो बैक के नारे लगाए और भाजपा की सीनियर लीडरशिप पर अनदेखी का आरोप लगाया। कुछ प्रदर्शनकारियों को यह कहते सुना गया कि हम पर हमले होते हैं, लेकिन नेता सिर्फ स्टेज से भाषण देते हैं। नारे लगाने वालों ने खुद को भाजपा का कार्यकर्ता बताया और स्थानीय नेताओं पर बेपरवाही का आरोप लगाया। वहीं, केंद्रीय मंत्री मजूमदार ने रुकावट डालने के लिए सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया।

**❑ तृणमूल की धमकी से मैं नहीं डरता : सुकांत**

पत्रकारों से बातचीत में सुकांत ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है जब डायमंड हार्बर में मुझे रोकने की कोशिश की गई है। तृणमूल की धमकी से मैं नहीं डरता। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल द्वारा पूरा विरोध प्लान किया गया था। बंगाल में कोई कानून-व्यवस्था नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हम (भाजपा) जम्मू-कश्मीर में हालात को शांत कर सकते हैं, तो मैं यहां भी कर सकता हूं।

# बाबरी मस्जिद योजना को लेकर तृणमूल विधायक पर माहौल बिगाड़ने का आरोप

## शुभेंदु अधिकारी ने केंद्रीय एर्जेसियो से की जांच की मांग

**पूर्व मेदिनीपुर :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को आर-ोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद में 'बाबरी मस्जिद' बनाने का वादा कर शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों से आग्रह किया कि वे इस बात की जांच करें कि क्या कबीर ने हाल ही में बांग्लादेश का दौरा किया है। पूर्व मेदिनीपुर जिले में अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश की सीमा से लगा मुर्शिदाबाद पहले से ही इस साल की शुरुआत में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा के सदमे से जूझ



रहा है और कबीर स्थिति को फिर से खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह जिले में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं, जो अब भी उन दंगों के सदमे से उबर रहा है, जिसमें जिहादी तत्वों ने दो हिंदुओं की हत्या कर दी थी। हिंदू मंदिर बना सकते हैं, मुस्लिम मस्जिद बना सकते हैं और ईसाई चर्च बना सकते हैं। लेकिन यह घोषणा करना कि छह दिसंबर को एक मस्जिद की आधारशिला रखी जाएगी और उसका नाम 'बाबरी मस्जिद' रखा जाएगा, यह संविधान और सर्वोच्च न्यायालय की घोर अवहेलना के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि याद रखिए, उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया था। भाजपा नेता ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को इस बात की जांच करनी चाहिए कि क्या कबीर ने हाल ही में बांग्लादेश का दौरा किया था। उन्होंने दावा किया कि सीमा पार से कट्टरपंथी ताकतें शायद दिसंबर में मुर्शिदाबाद में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश कर रही हैं। शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि उनके राज में अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कल कोलकाता के कस्बा में एक युवक को गोली मार दी गई। हर दिन राज्य के किसी न किसी हिस्से में गोलीबारी हो रही है। राज्य में अवैध हथियारों की बाढ़ आ गई है। जब तक ममता बनर्जी को कुर्सी से नहीं हटाया जाता, कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती रहेगी।

## अत्यधिक कार्यभार से दो बीएलओ बीमार, दोनों अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता/बांकुड़ा :** राज्य में बीएलओ पर बढ़ते कार्यभार का असर एक बार फिर सामने आया है। राज्य के दो अलग-अलग इलाकों में चुनाव संबंधी कार्य के दबाव के कारण दो बीएलओ अस्वस्थ हो गए। बांद्रा के बारजोड़ा इलाके में प्राथमिक शिक्षक और बीएलओ कमलकुमार विश्वास को अचानक दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें दुर्गापुर मिशन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। परिवार का आरोप है कि उनकी खराब तबीयत की जानकारी पहले ही दी गई थी, फिर भी आयोग की ओर से कोई आवश्यक कदम नहीं उठाया गया। कमलकुमार विश्वास बारजोड़ा पल्लिश्री मानाचर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं और उन्हें बूथ संख्या 50 का बीएलओ नियुक्त किया गया था, जहां 1387 मतदाताओं की जिम्मेदारी उन पर थी। परिजनों के अनुसार, लगातार जागकर काम करना, मानसिक तनाव और भोजन में अनियमितता के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी। इसी तरह रासबिहारी विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ प्रदीप भुक्ता भी अचानक अस्वस्थ हो गए और उन्हें तत्काल केपीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का कहना है कि अत्यधिक काम और लगातार दबाव इसका कारण है। इसके अलावा, बुधवार को अशोकनगर मानिकतला क्षेत्र के बीएलओ चिरंजीत मजुमदार भी एसआईआर प्रक्रिया के दौरान चक्कर खाकर गिर पड़े, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई है। मेडिकल जांच में उनके पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। घटनाओं ने बीएलओ की कार्य परिस्थितियों और कार्यभार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# माकपा ने निर्वाचन आयोग से एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने केंद्र और राज्य की सत्तारूढ़ दलों पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर लोगों में 'डर का माहौल' बनाने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) को इस प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाने के लिए पर्याप्त समय प्रदान करना चाहिए। माकपा की पश्चिम बंगाल इकाई के सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि 29 नवंबर से शुरू होने वाली पार्टी की 'बांग्ला बचाओ' मुहिम में एसआईआर से जुड़े मुद्दों को भी सार्वजनिक करने का प्रयास किया जाएगा ताकि लोग यह सुनिश्चित कर सकें कि मतदाता सूची



में उनके नाम सही दर्ज हों। सलीम ने माकपा के प्रदेश मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि यह मूल रूप से सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन उसने इसे ठीक तरह से अंजाम नहीं दिया, जिससे कुछ लोगों के कुछ वर्गों में भय पैदा हो गया है। ऐसे में, हम अपनी ओर से जितना संभव होगा, इस प्रक्रिया को लेकर उनकी आशंकाएं दूर करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) पर बहुत दबाव डाला जा रहा है, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के लिए पूरी तैयारी नहीं की है। उन्होंने कहा कि बीए-लओ को लक्ष्य दिया जा रहा है जिसकी वजह से वे जल्दबाजी में काम कर रहे हैं। माकपा नेता ने आश्वासन दिया कि हम वामपंथी लोग जनता के साथ खड़े रहेंगे। अगर मसौदा मतदाता सूची में किसी का नाम न हो या कोई गलती दिखे, तो हम उनके साथ रहकर नाम जुड़वाने या सुधार करवाने के सभी उपाय बताएंगे और पूरी मदद करेंगे।

## मालदह में बीएसएफ ने एक करोड़ से अधिक के सोने के बिस्कुट किए जब्त



**मालदह :** जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सात सोने के बिस्कुट जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के अंतर्गत, भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात बीएसएफ की 119वीं बटालियन ने बुधवार को यह सामान बरामद किया। बीएसएफ के बयान के अनुसार, सोने के बिस्कुट एक साइकिल में छिपाए गए थे। तलाशी के दौरान साइकिल सवार उसे वहीं छोड़ कर फरार हो गया। बयान के मुताबिक, कुल 816.41 ग्राम सोना जब्त किया गया है। बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 1.02 करोड़ रुपये आंकी गई है।

### कसबा में फिर गोलीबारी, युवक घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में एक बार फिर गोलीबारी की घटना सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार की रात लगभग 11 बजे कसबा के प्रान्तिक पल्ली इलाके में अभिजित नाइया (18) नाम के युवक पर गोली चलाई गई। गोली उसके बाएं हाथ की हथेली में लगी। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फिर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रात में प्रान्तिक पल्ली में दो दोस्तों के बीच झगडा हुआ और उसी दौरान गोली चल गई। जांचकर्ताओं का अनुमान है कि झगडे के बीच अभिजित के साथ मौजूद युवक ने ही गोली चलाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोलीबारी से पहले दोनों के बीच जोरदार बहस हो रही थी। पुलिस ने घटनास्थल से खाने के पैकेट और शराब की बोतल बरामद की है।

## डॉक्टर से 36 लाख की साइबर धोखाधड़ी मामले में सीआईडी ने असम में आरोपी को दबोचा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) ने नकली इन्वेस्टमेंट ऐप बनाकर साइबर फ्रॉड करने के आरोप में असम से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बुधवार को असम में सीआईडी की एक टीम ने की। असम के दिसपुर से जहीरुल इस्लाम नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी व्यक्ति का घर कामरूप जिले में है। जांच करने वालों ने कोर्ट से आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर पश्चिम बंगाल लाने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक, जालसाजों ने स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फंड में इन्वेस्ट करने वाली एक कंपनी के नाम का इस्तेमाल करके एक नकली ऐप लॉन्च किया था। आरोप है कि जा-लसाजों ने उस ऐप के जरिए उत्तर 24 परगना जिले के बारासात के एक डॉक्टर से 36 लाख रुपये ठग लिए थे। सीआईडी सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बार, सीआईडी ने असम में रेड के बाद एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, जालसाज फेसबुक पर विज्ञापन देकर उस नकली ऐप के ज़रिए लोगों को इन्वेस्ट करने का लालच देते थे। बरसात के रहने वाले और पेशे से डॉक्टर राजकुमार भट्टाचार्य उस जाल में फंस गए। जा-लसाजों ने उन्हें एक वाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा, जहां उन्हें बताया गया कि उस ग्रुप में ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट ट्रेनिंग दी जाएगी। इस मौके का फ़ायदा उठाकर राजकुमार को गुमराह किया गया और दो महीने से ज़्यादा समय तक अलग-अलग स्टेज में इन्वेस्ट करने के लिए मजबूर किया गया। आरोप है कि जा-लसाजों ने उनसे दस स्टेज में कुल 36 लाख रुपये ऐंठ लिए। ठगी का पता चलने पर डॉक्टर ने बरासात साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। बाद में, कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर जांच सीआईडी को सौंप दी गई। जांच करने वालों ने अपनी जांच के दौरान पहले ही चार लोगों को गिरफ़्तार कर लिया था। सूत्रों के मुताबिक, देबाशीष रॉय को इस साल मार्च में, प्रोसेनजीत रंजन नाथ को जून में अलीपुर से, जबकि अमित घोष और रियाज अहमद को जुलाई में गार्डन रीच से गिरफ़्तार किया गया था। जांच करने वालों ने गिरफ्तार किए गए चार लोगों से पूछताछ करके और जानकारी हासिल की और एक और आरोपी जहीरुल इस्लाम का नाम पता चला। उस जानकारी के आधार पर, सीआईडी की एक टीम ने असम में छापा मारा।

## फायरिंग केस में अर्जुन सिंह को राहत, 15 दिसंबर तक गिरफ्तारी पर रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर के भाजपा नेता अर्जुन सिंह को कथित फायरिंग मामले में कोलकाता हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। गुरुवार को न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की खंडपीठ ने आदेश दिया कि आगामी 15 दिसंबर तक अर्जुन सिंह को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। इस आदेश के बाद राज्य पुलिस फिलहाल उनके खिलाफ कोई कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकेगी। यह मामला पिछले सितंबर में सामने आया था, जब अर्जुन सिंह के निवास के पास स्थित जूट मिल क्षेत्र में कथित तौर पर फायरिंग की घटना हुई थी। राज्य सरकार का आरोप है कि इस घटना में उपयोग किया गया हथियार अर्जुन सिंह का निजी रिवॉल्वर था। जांच एजेंसियों के अनुसार मिले सबूत भाजपा नेता को इस मामले में मुख्य आरोपी के रूप में दर्शाते हैं। हालांकि, अर्जुन सिंह और भाजपा ने इन आरोपों को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। इससे पहले अदालत ने 5 दिसंबर तक गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने केस डायरी प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की, जिसके बाद अगली तारीख 12 दिसंबर तय की गई है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अदालत का यह आदेश अर्जुन सिंह के लिए फिलहाल एक बड़ी राहत है, लेकिन जांच की दिशा अब भी अनिश्चित बनी हुई है। वहीं, भाजपा का कहना है कि अदालत का फैसला साबित करता है कि मामला राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित है। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने टिप्पणी करने से इनकार किया है, यह कहते हुए कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

# कोलकाता में सीए की हत्या के बाद डेटिंग ऐप्स पर बढ़ते अपराधों को लेकर पुलिस की चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कसबा इलाके में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) आदर्श लोसाल्का की हत्या के बाद पुलिस ने डेटिंग ऐप्स के जरिए बने रिश्तों को लेकर बड़ी चेतावनी जारी की है। पुलिस ने साफ कहा है कि डेटिंग ऐप्स पर बनी नई पहचान के आधार पर मिलने जाने से पहले लोग जरूरी सावधानी बरतें, क्योंकि हाल के दिनों में ठगी, ब्लैकमेलिंग और लूटपाट जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। आदर्श लोसाल्का की हत्या उसी महिला और उसके साथी ने की, जिससे उनकी मुलाकात एक डेटिंग ऐप पर हुई थी। पुलिस के अनुसार, महिला ने उनसे 20 हजार रुपये की मांग की थी। विरोध करने पर दोनों ने मिलकर उनकी हत्या कर दी। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में माना कि वे ऐप के जरिए लोगों को फंसाकर पैसे वसूलते थे। पुलिस का कहना है कि कोलकाता और आसपास के जिलों में कई लोग डेटिंग ऐप्स पर बने रिश्तों के झांसे में आकर बड़ी रकम गंवा चुके हैं। कुछ गिरोह महिलाओं और पुरुषों की मिलीभगत से युवाओं को 'स्पेशल फ्रेंडशिप' के नाम पर फंसाकर ठगी कर रहे हैं। कई मामलों में महिलाएं होटल तक साथ जाती हैं और फिर नशा कराकर, ब्लैकमेल कर या मौका पाकर लूट कर फरार हो जाती हैं। इसी पृष्ठभूमि में कोलकाता पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि डेटिंग ऐप्स पर बने नए संपर्कों को बैंक विवरण, एटीएम पिन, निजी जानकारी या मोबाइल का पासवर्ड बिल्कुल न दें। पुलिस ने यह भी कहा कि होटल या किसी निजी जगह पर जाते समय कीमती सामान और एटीएम कार्ड साथ ले जाने से बचना चाहिए और किसी भी तरह का ऑनलाइन भुगतान सावधानी से करना चाहिए ताकि सामने वाला मोबाइल का पिन या पैटर्न न देख सके। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि डेटिंग ऐप्स के जरिए मिलने वालों से बातचीत और मुलाकात के दौरान सावधानी ही ऐसी घटनाओं से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है।

### निजी कॉलेज की छात्रा की गुप्त तस्वीरें लेने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** निजी कॉलेज की एक छात्रा के कपड़े बदलते समय उसकी गुप्त तस्वीरें मोबाइल में कैद कर उन्हें दोस्तों के बीच फैलाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामला सामने आने के बाद विधाननगर महिला थाना की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधाननगर महकमा अदालत में पेश किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक मेदिनीपुर का रहने वाला और एक निजी कॉलेज का छात्र है। वह, सॉल्टलेक के नयापट्टी इलाके में पीजी में रहता था, जबकि शिकायत करने वाली छात्रा पास के ही एक अन्य पीजी में रहती थीं। आरोप है कि युवक ने खिड़की से झांककर छात्रा के कपड़े बदलने की तस्वीरें लीं और उन्हें दोस्तों को दिखाया। जब छात्रा को यह घटना पता चली, तो उन्होंने तुरंत थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

## दुआरे राशन योजना की वैधता से जुड़ी याचिकाओं पर जनवरी में सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2021 की राज्य की 'दुआरे राशन योजना' की वैधता से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई जनवरी, 2026 तक के लिए टाल दी। इस योजना के तहत राज्य सरकार पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के ज़रिए लाभार्थियों के घर-घर जाकर अनाज पहुंचाती है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राज्य के वकीलों सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और राकेश द्विवेदी के अनुरोध पर मामले की सुनवाई 15 जनवरी तक के लिए टाल दी। सिब्बल ने अलग-अलग राज्यों में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) से जुड़े मामले में अपनी पहले से तय व्यस्तता के कारण सुनवाई टालने का अनुरोध किया था, जिसकी सुनवाई चीफ जस्टिस की बेंच कर रही है। उल्लेखनीय



है कि राज्य सरकार ने गत 28 सितंबर 2022 के आदेश को चुनौती दी, जिसमें जस्टिस अनिरुद्ध रॉय और जस्टिस चित्तरंजन दास की डिवीजन बेंच ने इस योजना को नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट, 2013 के तहत अवैध और अल्ट्रा वायर्स बताया। यह देखा गया कि राज्य सरकार ने फेयर प्राइस शॉप डीलरों को लाभार्थियों के घर पर राशन बांटने के लिए मजबूर करके अपने अधिकार की सीमा पार कर दी है, जबकि नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट जैसे लागू एक्ट में ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं दिया गया।

## अब एसआईआर में एआई ऐप के इस्तेमाल पर तृणमूल ने उठे सवाल

### ✒ तृणमूल सांसद ने पूछा, आयोग ने इस ऐप के डेवलपर की जानकारी क्यों नहीं की हैं सार्वजनिक

**नई दिल्ली/कोलकाता :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बीच तृणमूल कांग्रेक के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले ने चुनाव आयोग द्वारा उपयोग किए जा रहे एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ऐप पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गोखले ने कहा कि आयोग और इस ऐप के डेवलपर ने अपनी कार्यप्रणाली और सुरक्षा से जुड़े किसी भी पहलू की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। जिससे इस पूरे सिस्टम पर संदेह बढ़ रहा है। गोखले ने एक्स पर पोस्ट करते हुए



कहा कि चुनाव आयोग एआई-आधारित तकनीक का उपयोग करके मतदाता सूची में फर्जी या मृत लोगों के नाम हटाने की बात कर रहा है, लेकिन ऐप को किसने बनाया, इसे कैसे परखा गया और इसके अंदर संभावित पक्षपात को कैसे रोका जाएगा। इन सभी सवालों पर आयोग चुप है। उन्होंने कहा कि इतनी संवेदनशील प्रक्रिया के लिए उपयोग की जा रही तकनीक पर अस्पष्टता बेहद चिंताजनक है। चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार, यह एआई सिस्टम मतदाता डेटाबेस में चेहरे की समानता का विश्लेषण कर डुप्लीकेट एंट्री की पहचान करेगा।

लेकिन गोखले ने पूछा कि जब साधारण पीडीएफ साफ्टवेयर से भी डुप्लीकेट एंट्री खोजी जा सकती हैं, तब एआई की जरूरत क्यों पड़ी। उनके अनुसार, यह तकनीक जरूरत से ज्यादा जटिल दिखाई जाती है और इससे पारदर्शिता की बजाय शंका बढ़ती है। गोखले ने 2019 का अपना आरोप दोहराते हुए कहा कि उस समय चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में भाजपा आइटी सेल से जुड़े एक एजेंसी को काम दिया था। इस बार भी उन्होंने आशंका जताई कि कहीं यह रहस्यमयी एप किसी राजनीतिक रूप से जुड़े डेवलपर द्वारा तो नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा एप की जानकारी छिपाने से यह संदेह और बढ़ जाता है।

### लेजर पावर एंड इन्फ्रा को 836 करोड़ रुपये के यूटिलिटी प्रोजेक्ट्स मिले

**कोलकाता, समाज्ञा :** पावर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी लेजर पावर एंड इन्फ्रा लिमिटेड ने एनटीपीसी, कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी (केईएससीओ) और जोधपुर विद्युत वितरण निगम (जेडीवीवीएनएल) से कुल 836 करोड़ रुपये मूल्य के नए यूटिलिटी प्रोजेक्ट्स हासिल किए हैं। ये परियोजनाएं रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत आती हैं और कंपनी के इन-हाउस निर्मित पावर केबल, कंडक्टर और सिस्टम-सपोर्ट सामग्री के साथ टर्नकी आधार पर निष्पादित की जाएंगी। मुख्य ऑर्डर में केईएससीओ को 422.11 करोड़ रुपये, एनटीपीसी को 212.06 करोड़ रुपये और जेडीवीवीएनएल को 202.13 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट शामिल है। कंपनी पश्चिम बंगाल में तीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट संचालित करती है, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 73,100 मीट्रिक टन है।

### आरेडिका में संविधान दिवस पर किया गया उद्देशिका का पाठ

**रायबरेली, समाज्ञा :** भारतीय संविधान की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 26.11.2025 को आरेडिका में ''संविधान दिवस'' मनाया गया जिसमें आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संविधान की 'उद्देशिका' का पाठ किया गया। ज्ञात हो कि आज के दिन 26 नवम्बर 1949 को भारत के संविधान को संविधान सभा द्वारा अधिनियमित एवं आत्मार्पित किया गया था और इसके कुछ उपबंधों को तत्काल प्रभाव से इसी दिन से लागू कर दिया गया तथा 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ। रेडिका के कार्मिक विभाग द्वारा केन्द्रीय विद्यालय में ''हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'' विषय पर ड्राइंग, पेंटिग प्रतियोगिता तथा संगोष्ठी कक्ष में निबंध लेखन एवं सेमीनार का आयोजन किया गया।

# बिहार में 1300 माफियाओं की संपत्तियां कुर्क करने की तैयारी: डीजीपी

**पटना :** बिहार में नयी सरकार के गठन के बाद संगठित अपराध और माफिया नेटवर्क के खिलाफ व्यापक अभियान तेज हो गया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि अपराधियों को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए बड़े पैमाने पर अवैध संपत्तियां कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की गई है और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष दस्ते गठित किए जा रहे हैं।डीजीपी ने बताया कि पिछले कुछ महीने में 400 कुख्यात अपराधियों की अवैध संपत्तियों को कुर्क करने के प्रस्ताव न्यायालय भेजे




जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लगभग 1,300 और आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जिनकी संपत्तियों से संबंधित सभी दस्तावेज एकत्र किए जा रहे हैं और जल्द ही इन्हें भी कानूनी कुर्की की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।कुमार ने कहा, शराब, बालू और जमीन माफिया के साथ-साथ भाड़े के हत्यारों और संगठित अपराध से जुड़े कई बड़े नामों को इस सूची में शामिल किया गया है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि गिरफ्तारी से आगे बढ़कर अपराध की आर्थिक व्यवस्था प्रहार किए बिना आपराधिक नेटवर्क को खत्म नहीं किया जा सकता।डीजीपी ने कहा कि अपराधियों की संपत्ति कुर्क किए जाने से उनके फंडिंग नेटवर्क, प्रभाव और आपराधिक गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बारातियों से भरी कार खड्ड में गिरी, तीन लोगों की मौत

**जौनपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के केराकत क्षेत्र में बारातियों से भरी एक कार के खाई में जा गिरने से उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार देर रात वाराणसी से बारात जौनपुर आ रही थी । उन्होंने बताया कि इसी दौरान केराकत थाना क्षेत्र के मुफ्तीगंज के पास बारातियों से भरी एक कार अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। श्रीवास्तव ने बताया कि इस घटना में बबलू सोनकर (45), श्यामलाल सोनकर (35) और राजू सोनकर(45) की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गये, उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया मगर हालत गंभीर होने पर उन्हें वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है।

### अन्नदाता किसानों को अनुदान पर सोलर पंप उपलब्ध कराएगी डबल इंजन सरकार

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 'अन्नदाता किसानों' को अनुदान पर 40521 सोलर पंप उपलब्ध कराएगी। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। बयान में कहा गया है कि इसका लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को 15 दिसंबर तक कृषि विभाग की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। इसमें कहा गया है कि अनुदान पर सोलर पंप उन्हीं किसानों को मिलेगा, जो विभाग की इस वेबसाइट पर पंजीकृत होंगे। बयान के मुताबिक किसानों का चयन ई-लॉटरी के जरिए किया जायेगा।

### कुर्सी-सोफे के कवर का रंग बदलने को लेकर हुई टेंट व्यवसायी की हत्या : तीन आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र में कुर्सी और सोफे पर लगाये गये कवर के रंग को बदलने के विवाद में एक टेंट व्यवसायी की हत्या करके शव को छिपाने के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को सभी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि हल्दी थाना क्षेत्र के परसिया गांव का निवासी टेंट व्यवसायी अजीत कुमार सिंह (45) गत 23 नवंबर को लापता हो गया था।

### नालंदा साहित्य महोत्सव का पहला संस्करण 21-25 दिसंबर तक

**नालंदा :** नालंदा साहित्य महोत्सव (एनएलएफ) का प्रथम संस्करण 21 से 25 दिसंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस महोत्सव का उद्देश्य भारत की सभ्यतागत विरासत, भाषाई विविधता और साहित्यिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना है। बयान में कहा गया है कि यह महोत्सव अतीत की ज्ञान-परंपरा और वर्तमान की सृजनात्मकता के बीच सेतु का कार्य करेगा तथा विचारोत्तेजक सत्रों, सहभागितापूर्ण कार्यशालाओं और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को जोड़ने का प्रयास करेगा। एनएलएफ में पूर्वोत्तर भारत को समर्पित एक विशेष परिचर्चा आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनजातीय भाषाओं, अभिलेखों और 'सेवेन सिस्टर्स' के भाषाई विकास की जीवंत यात्रा को प्रमुखता दी जाएगी।

### औद्योगिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है राजस्थान : मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजस्थान पर्यटन, निवेश एवं औद्योगिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के साथ-साथ प्रभावी 'एकल खिड़की मंजूरी' से राज्य में पर्यटन से संबंधित निवेश प्रक्रियाएं सुगम हुई हैं।मुख्यमंत्री प्रवासी राजस्थानी दिवस से संबंधित पर्यटन विभाग के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने निवेशकों से राज्य में अधिक से अधिक निवेश का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार उन्हें हर संभव सुविधाएं सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से न केवल प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि से भावनात्मक रूप से जुड़ने का अवसर मिलता है, बल्कि उन्हें राज्य के विकास में सहभागिता का भी मौका मिलता है।आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन के आधारभूत ढांचे को और सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार शीघ्र नई पर्यटन नीति लाएगी। इसमें कहा गया है कि राज्य सरकार ने पर्यटन एवं सेवा सुश्रूषा क्षेत्र को उद्योग का दर्जा प्रदान किया है।

## भारत की परंपरा संतों, ऋषि-मुनियों व महापुरुषों के त्याग-बलिदान की महागाथा: योगी



**गाजियाबाद :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की परंपरा संतों, ऋषि-मुनियों एवं महापुरुषों के त्याग-बलिदान की महागाथा है। युगों-युगों से यह महागाथा विश्व मानवता के लिए प्रेरणा रही है। योगी ने कहा कि विश्व मानवता ने इस महागाथा का श्रवण व प्रेरणा प्राप्त कर भविष्य को तय किया है। उन्होंने कहा कि भारत के अंदर आज भी पवित्र उपासना विधियां श्रद्धाभाव के साथ कार्य करते हुए इस व्यवस्था को बढ़ा रही हैं। एक बयान के मुताबिक योगी बृहस्पतिवार को मुरादनगर स्थित तरुण सागरम तीर्थ पहुंचे। उन्होंने यहां पंचकल्याणक महामहोत्सव के अंतर्गत 100 दिन में निर्मित गुफा मंदिर का उद्घाटन किया। योगी आदित्यनाथ ने भगवान पार्श्वनाथ जी व संत तरुण सागर जी महाराज का स्मरण किया।

## मध्याह्न भोजन योजना में 11 करोड़ रुपये की हेराफरी में 45 लोगों पर मुकदमा, पांच गिरफ्तार



**बलरामपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में मध्याह्न भोजन योजना में करीब 11 करोड़ रुपए के गबन का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर 45 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनमें से पांच को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला द्वारा नगर कोतवाली में 26 नवंबर को तहरीर दी गई थी कि मध्यान भोजन योजना में सरकारी दस्तावेजों में कूट रचना करते हुए करीब 11 करोड़ रूपये का घोटाला किया गया है। उन्होंने बताया कि यह घोटाला वर्ष 2021 से शुरु हुआ था। बेसिक शिक्षा विभाग के आई वी आर एस पोर्टल से विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या का पता लगाकर छात्रों की संख्या के सापेक्ष शासन द्वारा निर्धारित कन्वर्जन कास्ट के गुणांक में धनराशि की गणना कर एक्सेल शीट तैयार की जाती है और बेसिक शिक्षा अधिकारी से अग्रसारित कराकर वित्त लेखा अधिकारी से जांच कराकर स्वीकृति के लिये जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाती थी। कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दिये जाने के बाद उस एक्सेल शीट को पीएफएमएस पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाना चाहिए ताकि शीट पर अंकित धनराशि विद्यालयों के खाते में पहुंच जाय, मगर इस स्तर पर मूल एक्सेल शीट को अपलोड न करके अपने सहयोगी विद्यालयों के खातों में अंकित धनराशि को बढ़ाकर अन्य विद्यालयों के खातों से कम करके दूसरी शीट अपलोड कर दी जाती थी।

### झारखंड सरकार के एक साल पूरा होने पर शुक्रवार को 10,000 युवाओं को नौकरी मिलेगी: मुख्यमंत्री सोरेन

**रामगढ़ :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में 28 नवंबर को 10,000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। सोरेन ने पिछले साल 28 नवंबर को झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इससे पहले हुए विधानसभा चुनाव में सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 में से 56 सीट पर जीत हासिल की थी।सोरेन ने रामगढ़ जिले के लुकैयाटांड़ मैदान में अपने दादा सोबरन सोरेन की 68वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, शुक्रवार को हमारी सरकार का एक वर्ष पूरा हो रहा है। इस मौके पर हम 10,000 से ज्यादा युवाओं को रोजगार देंगे।मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में स्वरोजगार के अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा, सरकार 2050 तक झारखंड को समृद्ध तथा दिल्ली, मुंबई एवं गुजरात से भी बेहतर बनाने के विजन पर काम कर रही है।सोरेन ने लोगों से एकजुट होकर राज्य के समग्र विकास में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा, मैं कहता रहा हूं कि हमारी सरकार रांची से नहीं, बल्कि गांवों से काम करती है। हमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है और किसानों को समृद्ध बनाना है।

### राज्य में इस साल जनवरी से जून के बीच 121 करोड़ से अधिक पर्यटक आए: उत्तर प्रदेश सरकार

लखनऊ : उत्तर प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस साल जनवरी से जून के बीच राज्य में 121 करोड़ से अधिक पर्यटक आए।पर्यटन विभाग द्वारा योजना भवन में 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' के लिए आयोजित हितधाराकों की एक दिवसीय कार्यशाला में अधिकारियों ने यह जानकारी दी जिसमें वर्ष 2047 तक प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए आवश्यक खाका भी तैयार किया गया।राज्य सरकार के बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा, ''उत्तर प्रदेश पर्यटन से ही विकसित प्रदेश बनेगा। पर्यटन सदैव और सर्वदा रहने वाला क्षेत्र है।'' उन्होंने बताया, ''उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में पहले स्थान पर है, जबकि विदेशी पर्यटन में चौथे स्थान पर है।'' उन्होंने कहा कि मौजूदा वर्ष समाप्त होने में अभी करीब एक महीना बाकी है और ऐसे में पर्यटकों का आगमन नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहा है।पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अजिताभ ने बताया कि 2015 में राज्य में 22 करोड़ पर्यटक आए थे, जबकि 2024 में यह संख्या 65 करोड़ तक पहुंच गई है। उन्होंने यह भी बताया कि 2024 में महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या इसमें शामिल नहीं की गई है। पर्यटन विभाग पारिस्थितिकी पर्यटन पर काम कर रहा है।पर्यटन विभाग के महानिदेशक राजेश कुमार ने बताया, ''पर्यटन क्षेत्र को बहुआयामी बनाने के लिए 12 पर्यटक 'सर्किट' बनाए गए हैं। पर्यटन क्षेत्र को योग और आरोग्य केंद्रों के माध्यम से भी गति दी जा रही है। तराई क्षेत्र में पारिस्थितिकी पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं।''

## सरकार का लक्ष्य सुशासन की नीति का पालन कर बिहार को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है: मुख्यमंत्री



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को अणे मार्ग पर स्थित आवास पर मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग और निगरानी विभाग के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि विभागों के कार्यों को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें और सरकार की प्राथमिकताओं के आधार पर कार्यों को तेजी से पूरा करें। उन्होंने कहा, राज्य में भ्रष्टाचार को खत्म करने में निगरानी विभाग कड़ी, पारदर्शी और सक्रिय भूमिका निभा रहा है। हमारा लक्ष्य न्याय के साथ विकास करना है और सुशासन की नीति का पालन कर राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है।

### नीतीश ने मीठापुर-महुली-पुनपुन पथ और संपर्क मार्ग का निरीक्षण किया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के जाम की समस्या से निपटने और आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनने वाली मीठापुर-महुली-पुनपुन सड़क और मीठापुर फ्लाईओवर से चिरैयाटांड़ फ्लाईओवर को जोड़ने वाले प्रस्तावित पहुंच एवं सर्विस लेन का स्थलीय निरीक्षण बृहस्पतिवार को किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से परियोजना की प्रगति की अद्यतन जानकारी ली और निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया।

## झारखंड के दुमका में यात्री ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे



**दुमका :** झारखंड के दुमका रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को रामपुरहाट-जसीडीह पैसेंजर ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि दुमका रेलवे स्टेशन के पास दोपहर करीब दो बजकर 10 मिनट पर हुई इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।दुमका स्टेशन पूर्व रेलवे के अधीन है।ट्रेन पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के रामपुरहाट से दोपहर करीब 12 बजकर 50 मिनट पर रवाना हुई थी और इसे झारखंड में जसीदीह स्टेशन पहुंचना था।पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) वेद प्रकाश ने फोन पर बताया, रामपुरहाट-जसीडीह मेमू (63081) पैसेंजर ट्रेन के दो डिब्बे दुमका स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

---

समाज्ञा CINE मंत्र

## देओल परिवार कर रहा था 90वें जन्मदिन की तैयारी, धर्मेंद्र के अंतिम दिनों पर बोले अनिल शर्मा- 'वो ठीक हो रहे थे'



हिंदी सिनेमा के दिग्गज और सभी के दिलों पर राज करने वाले अभिनेता धर्मेंद्र के निधन ने पूरी इंडस्ट्री और दर्शकों को गहरे शोक में डाल दिया है। 24 नवंबर को उम्र से जुड़ी समस्याओं से लड़ने के बाद जब उनकी मौत की खबर आई, तो उनके साथ दशकों का सफर बिताने वाले निर्देशक अनिल शर्मा भी इसे सुनकर टूट गए। निर्देशक ने न सिर्फ अपनी अंतिम मुलाकात साझा की, बल्कि धर्मेंद्र की सादगी, संवेदनशीलता और स्टारडम के पीछे छिपे अच्छे इंसान को याद कर भावुक हो उठे।

**'वो ठीक हो रहे थे हमने तो जन्मदिन की तैयारी भी शुरू कर दी थी'**

अनिल शर्मा ने विक्की लालवानी के साथ बातचीत करते हुए बताया- उन्हें सबसे ज्यादा यही झटका लगा कि जिस धरम जी को उन्होंने कुछ दिन पहले मुस्कुराते और प्रतिक्रिया देते देखा था, वही अचानक साथ छोड़ गए। उनका कहना है- घर जाकर देखा कि धर्मेंद्र आंखें खोल रहे थे, हाथ हिला रहे थे और डॉक्टरों के अनुसार वो उम्मीद से बेहतर रिस्पॉन्ड कर रहे थे। परिवार को पूरा भरोसा था कि 8 दिसंबर को वो 90वां जन्मदिन धूमधाम से मनाएंगे, तैयारियां भी शुरू हो गई थीं। लेकिन उम्र अपना असर दिखा देती है और वही हुआ। सुबह 9:30 बजे करीब स्थिति बिगड़ी और 10 बजे के आसपास परिवार को यह दुखद खबर मिली। अनिल शर्मा ने बताया कि सनी देओल ने उनको कॉल किया और रोते हुए बोले- 'पापा चले गए...'

**'पूरी दुनिया रो रही है, परिवार भी टूट चुके हैं'**

अनिल शर्मा ने साफ कहा कि इस समय देओल परिवार पूरी तरह बिखरा हुआ है। उन्होंने कहा- 'दुनिया की आंखों में आंसू हैं, हमारी आंखों में भी हैं और देओल परिवार की हालत तो स्वाभाविक रूप से उससे भी ज्यादा दर्दनाक है।'

**'यह सिर्फ प्रेयर मीट नहीं, धरम जी की जिंदगी का उत्सव है'**

निर्देशक ने बताया कि मुंबई में रखी गई श्रद्धांजलि सभा को वह 'प्रेयर मीट' नहीं बल्कि एक 'सेलेब्रेशन' मानते हैं। उनका कहना है- 'धरम जी के नाम पर राज्य सम्मान छोटा है। दुनिया भर से कॉल आ रहे हैं- ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडाहर जगह लोग उन्हें सेलिब्रेट कर रहे हैं। उन्हें किसी शोर-शराबे वाले अंतिम संस्कार की जरूरत नहीं थी। यह उनका वर्ल्ड ऑनर है।' उन्होंने उन फैन्स को भी समझाया जो अंतिम दर्शन न मिलने से निराश थे- 'उनके लिए धरम जी की यादें ही सबसे बड़ी श्रद्धांजलि हैं।'

**'पहली मुलाकात से लेकर आखिरी मुस्कान तक वो दिल के बादशाह थे'**

धर्मेंद्र से जुड़ी पुरानी यादों को साझा करते हुए अनिल शर्मा ने बताया कि उन्होंने पहली बार अभिनेता को 'द बर्निंग ट्रेन' के सेट पर देखा था। तब वो बच्चे थे, लेकिन धरम जी की मुस्कान, स्नेह और सिर पर प्यार भरा हाथ हमेशा दिल में दर्ज रह गया। फिल्में चुनने में उनकी समझ का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि 'हुकूमत' जैसी फिल्म के लिए उन्होंने पांच मिनट में ही हां कह दी थी। अनिल कहते हैं- 'आज के एक्टर्स तो घंटों बैठकर फैसला नहीं ले पाते, जबकि धरम जी सिर्फ दर्शक की नजर से चीजें देखते थे।'

**'अपने 2' पर बातें थमीं पर श्रद्धांजलि जरूर बनेगी**

'अपने 2' को लेकर चल रही अफवाहों पर उन्होंने कहा- फिल्म बंद हुई है, यह सच नहीं है, लेकिन इस वक्त परिवार और टीम किसी भी चर्चा के मूड में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि- 'धरम जी के लिए 'अपने 2' एक खूबसूरत श्रद्धांजलि बन सकती है।'

## लगा जैसे मैंने फिर से अपने पिता को खो दिया: धर्मेंद्र के निधन पर कपिल शर्मा



अभिनेता-हास्य कलाकार कपिल शर्मा ने बुधवार को कहा कि वह वयोवृद्ध अभिनेता धर्मेंद्र के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े थे और उनके निधन से उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे उन्होंने अपने पिता तुल्य व्यक्ति को खो दिया हो।

धर्मेंद्र का 89 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया था। उनके निधन के बाद फिल्म उद्योग से जुड़े कई लोगों ने उनके साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव और अभिनेता की दरियादिली के किस्से साझा किये।

अपनी फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 के ट्रेलर लॉन्च पर कपिल शर्मा ने कहा कि धर्मेंद्र जैसी शख्सियत अब दोबारा नहीं होगी।

उन्होंने भावुक होते हुए कहा, धरम जी मेरे लिए क्या थे, यह सब जानते हैं। हर कोई ऐसा महसूस कर रहा है जैसे उसने परिवार के सदस्य को खो दिया हो।

कपिल ने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा, मैंने 22 साल की उम्र में अपने पिता को खो दिया था। मुझे उनके साथ ज्यादा समय बिताने का अवसर नहीं मिला। इसीलिए (धर्मेंद्र के निधन से) मुझे ऐसा लगा जैसे मैंने अपने पिता को दूसरी बार खो दिया। यह सच है कि जो लोग वास्तव में अच्छे होते हैं, आप हमेशा उनके साथ थोड़ा और समय चाहते हैं। वह राजा की तरह जिए।

शर्मा ने याद किया कि जब उनका शो द कपिल शर्मा शो 2016 में शुरू हुआ था तो धर्मेंद्र फिल्म उद्योग से जुड़े पहले व्यक्ति थे जो बिना किसी सवाल के शो में मेहमान बनने को राजी हुए थे।

उन्होंने कहा, जब मैं पहली बार मुंबई आया और शो शुरू कर रहा था, तब कोई भी 'सेलिब्रिटी' आने को तैयार नहीं था।

कपिल ने बताया कि जब उन्होंने धरम पाजी को फोन करके निवेदन किया तो वह अपनी फिल्म की रिलीज की तैयारी में व्यस्त होने के बावजूद तुरंत तैयार हो गए।

शर्मा ने कहा, मैंने उनसे कहा, 'पाजी, मैं पहली बार शो बना रहा हूं और मैं चाहता हूं कि आप हमारे मेहमान हों।' उन्होंने अपनी टीम के सदस्य से कहा, 'यह मेरा बेटा है चाहे कुछ भी हो जाए, इसके लिए एक तारीख निकालो'।

कपिल शर्मा की फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 'खालीपन को बयां करना असंभव', धर्मेंद्र के साथ 50 साल की दोस्ती पर बोले रमेश सिप्पी



भारतीय सिनेमा के इतिहास में बहुत कम ऐसे सितारे हुए हैं, जिनके बारे में बोलते समय दिग्गज भी अपनी भावनाएं रोक न पाएं। गोवा में चल रहे फिल्म फेस्टिवल में ऐसा ही पल तब देखने को मिला, जब 'शोले' के निर्देशक रमेश सिप्पी ने अपने पुराने दोस्त और सिनेमा के ही-मैन धर्मेंद्र को याद करते हुए मंच पर भावुक हो उठे।

**'अच्छे एक्टर्स बहुत आएंगे पर धर्मेंद्र जैसा कोई नहीं होगा'**

रमेश सिप्पी ने इस दौरान भारी मन से कहा, 'उनके जाने के बारे में बात करना आज भी मुश्किल है। अच्छे कलाकार आगे भी आएंगे, लेकिन धर्मेंद्र जैसा इंसान, वैसी गरमजोशी, वो जज्बा दोबारा नहीं मिलेगा।' रमेश सिप्पी ने बताया कि 50 साल की दोस्ती और विश्वास का जो रिश्ता रहा, वह अचानक टूट जाए तो उस खालीपन को शब्दों में बयां करना असंभव है। धर्मेंद्र के निधन के कुछ ही दिनों बाद खत्रख्रख के मंच से उन्होंने कहा- 'वह सिर्फ एक अभिनेता नहीं थे, वह एक शानदार इंसान थे और उस जगह को अब कोई नहीं भर सकता।'

**4K 'शोले' से फिर लौटेंगी उनकी यादें**

'शोले' में वीरू का किरदार धर्मेंद्र को रातों-रात सुपरस्टार बनाने वाला रोल था। उनके किरदार पर बात करते हुए रमेश सिप्पी ने कहा कि जिस सादगी, स्वाभाविकता और ग्रामीण पंजाब से आई सहज ऊर्जा को धर्मेंद्र पर्दे पर लाते थे, वो किसी अभिनय स्कूल की देन नहीं थी- वो उनकी मिट्टी से आई पहचान थी। इसी विरासत को नया आयाम देने के लिए 'शोले' का रीस्टोर्ड 4घ वर्जन अब 12 दिसंबर 2025 को देशभर के सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने जा रहा है। रमेश सिप्पी के मुताबिक, यह महज री-रिलीज नहीं बल्कि धर्मेंद्र को दी गई एक जीवंत श्रद्धांजलि है- एक ऐसा मौका, जब दर्शक फिर महसूस कर पाएंगे कि वीरू सिर्फ एक किरदार नहीं, एक एहसास था।

**'उनके साथ काम करना परिवार जैसा था'**

रमेश सिप्पी ने याद किया कि लंबे और चुनौतीपूर्ण शूट के बावजूद धर्मेंद्र कभी अपना स्वभाव नहीं बदलते थे- न कोई तामझाम, न स्टारडम का बोझ। दिन भर मेहनत करते, टीम का हौसला बढ़ाते और कैमरे के सामने आते ही पूरे रौब और ऊर्जा के साथ दृश्य को जीवंत कर देते। उन्होंने कहा कि पंजाब की मिट्टी में पली उनकी सादगी और लोगों के प्रति सहज अपनापन ही उन्हें इतना बड़ा अभिनेता और उससे भी बड़ा इंसान बनाता था। सिप्पी के मुताबिक- 'कला और इंसानियत का जो मेल उनके भीतर था, वही उन्हें हमेशा सबसे अलग बनाता है।'

**'सनी-बॉबी से मिला पर शब्द कम पड़ गए'**

धर्मेंद्र के देहांत के बाद सिप्पी ने सनी और बॉबी देओल से मुलाकात का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि इतनी पुरानी दोस्ती के बाद दिल को संभालना आसान नहीं होता- 'मैंने बस यही कहा कि हम सब मिलकर दुआ करते रहेंगे। जहां भी हैं, खुश रहें। बाकी कुछ कहने की हिम्मत नहीं जुटी।'

**धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में जुटे सेलेब्स**

देओल परिवार की ओर से धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बॉलीवुड के कई सितारे नजर आए। धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में सोनू निगम ने उनके नगमे भी गाए।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पीटीआई के पत्रकार आशीष दीक्षित का निधन

**मुंबई :** प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) के पत्रकार आशीष दीक्षित का लंबी बीमारी के बाद बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 39 वर्ष के थे। दीक्षित 2022 में पीटीआई की वीडियो सेवा में बतौर वरिष्ठ संवाददाता शामिल हुए थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और छह साल की बेटी हैं। दीक्षित का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को डोंबिवली में किया गया।

### जामिया ने बाटला हाउस मुठभेड़ की बरसी पर प्रदर्शन को लेकर छात्र के कैंपस में प्रवेश पर पाबंदी लगाई

**नयी दिल्ली :** जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने एक पीएचडी शोधार्थी पर उसके शेष डॉक्टोरल कार्यक्रम की अवधि के लिए परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई की वजह अन्य कारणों के अलावा शोधार्थी द्वारा अनावश्यक रूप से बाटला हाउस मुठभेड़ की बरसी पर मार्च आयोजित किया जाना भी था। मुख्य प्रॉक्टर द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि 'आइसा' से संबद्ध सौरभ त्रिपाठी नामक छात्र को सभी उद्देश्यों के लिए प्रवेश वर्जित घोषित कर दिया गया है।

### कोल इंडिया लिमिटेड में मनाया गया संविधान दिवस

**कोलकाता :** कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने कोलकाता स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में संविधान दिवस मनाया और भारतीय संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक (विपणन) श्री मुकेश चौधरी द्वारा भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कराकर की गई। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री मुकेश अग्रवाल, निदेशक (बिज़नेस डेवलपमेंट) श्री अशीष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपस्थित होकर समारोह को गरिमामय बनाया। संविधान दिवस, जो प्रतिवर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है, उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है जब संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकृत किया था। कोल इंडिया लिमिटेड ने भी इस राष्ट्रीय अवसर पर संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### गुजरात में मां ने बेटी को हौदी में डुबोया, बाद में खुद फांसी लगाकर की खुदकुशी

**छोटा उदयपुर (गुजरात) :** गुजरात के छोटा उदयपुर जिले के संखेड़ा तालुका में एक महिला ने अपनी आठ महीने की बेटी की कथित तौर पर हत्या कर दी और फिर अपनी जान दे दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया, पीपलसत गांव की निवासी संगीता भील ने बुधवार को अपनी आठ महीने की बेटी को घर के पास खुली हौदी में कथित तौर पर डुबो दिया। उस समय उसका पति गिरीश दूध लेने गया था। जब वह वापस लौटा तो उसने पाया कि उसकी बेटी डूब गई है, जबकि संगीता लापता है। अधिकारी ने बताया, उन्हें संगीता का शव घर से करीब 150 मीटर दूर एक पेड़ से लटका मिला। गिरीश के पिता ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में दावा किया कि संगीता पारिवारिक विवाद के कारण तनाव में थी और उसे डर था कि उसके माता-पिता उसे गिरीश से दूर ले जाएंगे। दोनों ने भागकर शादी की थी।

### केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उड़ान के दौरान कोई असामान्यता नहीं थी : एएआईबी अंतरिम रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** 'कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा, मुड़ रहा हूं...' यह 17 साल पुराना हेलीकॉप्टर उड़ा रहे पायलट का आखिरी संदेश था। यह हेलीकॉप्टर इस साल जून में केदारनाथ घाटी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई थी और घाटी से बाहर निकलने का रास्ता दुर्घटना के समय बादलों से ढका हुआ था। यह जानकारी एएआईबी की अंतरिम जांच रिपोर्ट में दी गयी।

# ईडी ने मेडिकल कॉलेजों से जुड़े रिश्वतखोरी मामले में 10 राज्यों में छापे मारे

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को देश के कुछ मेडिकल कॉलेजों से जुड़े कथित रिश्वतखोरी और नियामक ढांचे में हेरफेर के मामले में धनशोधन जांच के तहत दस राज्यों में एक साथ छापेमारी की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कम से कम 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इन स्थानों में मेडिकल कॉलेजों के सात परिसर और कुछ निजी व्यक्तियों के ठिकाने शामिल हैं।



उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। धन शोधन का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की 30 जून को दर्ज प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण से संबंधित गोपनीय जानकारी मेडिकल कॉलेजों से संबंधित प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों और बिचौलियों को देने के बदले में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अधिकारियों सहित सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी। ईडी अधिकारियों के अनुसार, इससे कथित तौर पर उन्हें मापदंडों में हेरफेर करने और मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक पाठ्यक्रम चलाने के लिए अनुमोदन प्राप्त करने में मदद मिली। सीबीआई ने दावा किया था कि उसने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और एनएमसी के अधिकारियों, बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो कथित तौर पर भ्रष्टाचार और प्रक्रियाओं में हेराफेरी सहित गंभीर कृत्यों में शामिल थे। प्राथमिकी में 34 लोगों के नाम शामिल थे, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के एक अधिकारी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के निरीक्षण दल के पांच डॉक्टर शामिल थे। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एनएमसी टीम के तीन डॉक्टर भी शामिल हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ स्थित एक मेडिकल कॉलेज को अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए कथित तौर पर 55 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## ओडिशा: राष्ट्रपति मुर्मू ने राजभवन में 'कलिंग अतिथि निवास' का उद्घाटन किया

**भुवनेश्वर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को ओडिशा की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान यहां राजभवन परिसर में 'कलिंग अतिथि निवास' का उद्घाटन किया। एक अधिकारी ने बताया कि 'कलिंग अतिथि निवास' में अतिविशिष्ट अतिथियों को आवास की सुविधा प्रदान की जाएगी और इसकी डिजाइन ओडिशा की प्राचीन कला, संस्कृति और परंपरा को दर्शाती है। मुर्मू बृहस्पतिवार शाम ओडिशा विधानसभा को संबोधित करेंगी और ऐसा करने वाली पहली राष्ट्रपति बन जाएंगी। राष्ट्रपति ओडिशा की मूल निवासी हैं और राज्य विधानसभा की सदस्य रह चुकी हैं। इससे पहले, दिन में ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण



माझी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुर्मू का स्वागत किया। कंभमपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज ओडिशा में स्वागत करना अत्यंत गौरव का क्षण था। उन्होंने कहा, ''मैं उनका अभिवादन करता हूं और कामना करता हूं कि उनका राज्य का दौरा उद्देश्यपूर्ण और सफल हो।

## भारत, इंडोनेशिया ने रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया

**नयी दिल्ली :** भारत और इंडोनेशिया ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता की पृष्ठभूमि में, अंतरराष्ट्रीय अधिनियम और संप्रभुता से निर्देशित स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखने के महत्व को दोहराया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके इंडोनेशियाई समकक्ष सजाफ्री सजामसोएद्दीन ने अपनी व्यापक वार्ता में सैन्य प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण और आपूर्ति शृंखला संपर्कों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग सुनिश्चित करने के लिए एक संयुक्त रक्षा उद्योग सहयोग समिति स्थापित करने पर भी व्यापक रूप से सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि



स्कॉर्पीन श्रेणी के पनडुब्बी कार्यक्रम सहित पनडुब्बी विकास और आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में भारत के अनुभव को इंडोनेशिया की भविष्य की योजनाओं के लिए अत्यधिक मूल्यवान माना गया। इस बात पर गौर करते हुए कि हिंद-प्रशांत पर आसियान दृष्टिकोण और भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल प्रासंगिक मौलिक सिद्धांतों को साझा करती है, इंडोनेशिया ने दोहराया कि भारत इस क्षेत्र में शांति और सहयोग को बढ़ावा देने में एक प्रमुख भागीदार बना हुआ है।

## मादक पदार्थ: ईडी ने भारत-म्यांमा सीमा पर पहली बार छापेमारी की

**दिल्ली/आइजोल :** प्रवर्तन निदेशालय ने मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में असम और गुजरात के कुछ स्थानों के अलावा मिजोरम में भारत-म्यांमा सीमा पर पहली बार बृहस्पतिवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने 35 लाख रुपये नकद के अलावा कुछ डिजिटल उपकरण भी जब्त किए। उन्होंने बताया कि मिजोरम में आइज-ोल और चम्फाई, असम में श्रीभूमि (करीमगंज) और गुजरात में अहमदाबाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है। मिजोरम पुलिस द्वारा छह लोगों से



1.41 करोड़ रुपये मूल्य की 4.72 किलोग्राम हेरोइन जब्त करने के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी के बाद अब यह जांच शुरू हुई है। ईडी अधिकारियों ने बताया कि चम्फाई में भारत-म्यांमा सीमा पर एजेंसी द्वारा की गई तलाशी की यह पहली कार्रवाई है। भारत म्यांमा के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। एजेंसी ने व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के बाद जांच की और मिजोरम स्थित कुछ कंपनियों तथा गुजरात की कुछ कंपनियों के बीच वित्तीय संबंध पाए। अधिकारियों ने बताया कि गुजरात की कंपनियों ने मिजोरम स्थित कंपनियों को 'स्यूडोएफेड्रिन टैबलेट' और 'कैफीन एनहाइड्रस' (मेथामफेटामीन टैबलेट के निर्माण में प्रयुक्त होने वाला पदार्थ) की आपूर्ति की थी। मिजोरम की इन कंपनियों के कथित रूप से मादक पदार्थ के तस्करों से संबंध थे और ये तस्कर चम्फाई में आदतन अपराधियों के माध्यम से तस्करी तथा हवाला लेनदेन करते हैं।

## आरेडिका में संविधान दिवस पर किया गया उद्देशिका का पाठ

**रायबरेली :** भारतीय संविधान की 76वीं वर्षगांठ पर 26 नवंबर 2025 को आरेडिका में ''संविधान दिवस'' गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संविधान की ''उद्देशिका'' का सामूहिक पाठ किया। गौरतलब है कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अधिनियमित और आत्मार्पित किया था। इसके कुछ प्रावधान उसी दिन लागू कर दिए गए थे, जबकि 26 जनवरी 1950 को संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ। इसी ऐतिहासिक दिवस को स्मरण करते हुए आरेडिका में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्मिक विभाग द्वारा केंद्रीय विद्यालय में ''हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान'' विषय पर ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसके अलावा संगोष्ठी कक्ष में निबंध लेखन और सेमिनार का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने उत्साह-पूर्वक भाग लिया। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में फोर्ज्ड व्हील प्लांट, फर्निशिंग शॉप, शेल डिपो, गुणवत्ता विभाग सहित आरेडिका की सभी इकाइयों के कर्मचारियों ने अपने-अपने उपविभागाध्यक्षों के नेतृत्व में कार्यस्थल पर ही संविधान की ''उद्देशिका'' का पाठ किया। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला ने कर्मचारियों में संविधान के प्रति सम्मान, जागरूकता और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गर्व की भावना को और सुदृढ़ किया।

## डॉक्टरों ने 33 वर्षीय व्यक्ति की आंख से अंगूर के आकार का ट्यूमर निकाला

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में 33 साल के एक व्यक्ति की आंख से अंगूर के आकार का ट्यूमर निकाला गया है। डॉक्टर के मुताबिक, उसकी आंख में हल्का दर्द था और आंख के आगे की हिस्से में सूजन थी जिसे शुरू में थायरॉइड से जुड़ी समस्या समझा गया। पंचशील पार्क स्थित मैक्स मल्टी स्पेशियलिटी सेंटर के डॉ. ऋतुराज बरुआ ने कहा, जब कोई मरीज़ आंख में सूजन की शिकायत के साथ आता है, तो आमतौर पर हम सबसे पहले थायरॉइड की बीमारी की जांच करते हैं। लेकिन जैसे-जैसे लक्षण बदलते गए, यह साफ हो गया कि कुछ गंभीर बात है। अस्पताल ने बताया कि मरीज जब शुरू में इलाज के लिए आया जब उसे एक तरफ 'प्रोप्टोसिस' हुआ। यह ऐसी स्थिति है जिसमें एक आंख बाहर की ओर उभरी हुई दिखाई देती है। उसके 'टीएसएच' स्तर थोड़े बढ़े हुए थे, इसलिए उसकी समस्या को थायरॉयड से जुड़ी बीमारी समझ लिया गया। बरूआ ने कहा कि आंख की सूजन की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच की गई। 'एडवांस इमेजिंग' जांच में पता चला कि आंख की पुतली के पीछे ढाई सेंटीमीटर का ट्यूमर था, जिससे 'ऑप्टिक नर्व' पर दबाव पड़ रहा था। उन्होंने कहा, समय पर इलाज नहीं मिलने पर उसकी दृष्टि स्थायी रूप से प्रभावित हो सकती थी।

## दिशा सालियान मौत मामले की जांच करने में पुलिस को कितना समय लगेगा: मुंबई उच्च न्यायालय

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सवाल किया कि शहर की पुलिस को पूर्व 'सेलिब्रिटी मैनेजर' दिशा सालियान की हत्या के मामले की जांच करने में और कितना वक्त लगेगा। सालियान की आठ जून 2020 को उत्तरी मुंबई के मलाड में रिहाइशी इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई थी। इसके बाद शहर की पुलिस ने दुर्घटना वश मौत का मामला दर्ज किया था। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति आर आर भोसले की पीठ ने कहा कि सालियान की मौत हुए पांच साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस यह पता नहीं लगा पाई है कि उनकी मौत आत्महत्या





के कारण हुई या फिर गैर-इरादतन हत्या के कारण। पीठ ने लोक अभियोजक मनखुनवर देशमुख की इस दलील के बाद यह टिप्पणी की कि मौत मामले की जांच जारी है। अदालत ने कहा, अब तक जांच क्यों जारी है? किसी की मौत हुए पांच साल हो चुके हैं। आपको यह पता लगाना होगा कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर गैर इरादतन हत्या का। देशमुख ने अदालत को बताया कि सभी आशंकाओं का पता लगाने के लिए गहन जांच की जा रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का हथियार खरीदना चिंताजनक: नौसेना अधिकारी

**मुंबई :** पश्चिमी नौसेना कमान के प्रमुख, वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन ने कहा है कि मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान का दुनिया भर से हथियार खरीदना एक गंभीर चिंता का विषय है, जबकि चीन भी अपनी बढ़ती आक्रामकता के बीच एक स्थायी चुनौती बना हुआ है। वह बुधवार को यहां ब्रह्म रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक सुरक्षा सम्मेलन में बोल रहे थे। वाइस एडमिरल स्वामीनाथन ने कहा कि चीनी नौसेना दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना बन चुकी है और पिछले दशक में उसने भारतीय नौसेना के बराबर बेड़े का विस्तार किया है। उन्होंने कहा,



''चीन हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में लगातार पांच से आठ जहाजों को तैनात किए हुए है। चीन एक स्थायी चुनौती बना रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर को महत्वपूर्ण बताते हुए वाइस एडमिरल ने कहा कि इसने नयी दिल्ली के इस्लामाबाद के साथ संबंधों में एक 'न्यू नॉर्मल' (नई सामान्य स्थिति)स्थापित की है। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के समाप्त होने के बाद पाकिस्तान अपने यहां के हालात की पूरी तरह उपेक्षा करते हुए पहले से कहीं अधिक हथियार खरीद रहा है।'' उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने कुछ कठोर वास्तविकताओं को उजागर किया है। वाइस एडमिरल ने कहा, ''एक तो पाकिस्तान और चीन के बीच मिलीभगत खुली और स्पष्ट थी।'' उन्होंने कहा कि दूसरा, तुर्की का पाकिस्तान के लिए एक प्रमुख समर्थक और आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरना एक नया घटनाक्रम है, जिस पर सावधानीपूर्वक निगरानी रखनी होगी। इस कार्यक्रम में एक परिचर्चा में शामिल हुए एकीकृत रक्षा स्टाफ (परिचालन) के उप प्रमुख एयर मार्शल राकेश सिन्हा ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत ने तीनों सेनाओं के बीच संपूर्ण तालमेल का प्रदर्शन किया। एयर मार्शल ने कहा कि भारत ने एक नया संदेश दिया है कि ''यदि दुश्मन भारत को परेशान करने वाली कोई भी कार्रवाई करता है, तो देश अपने चुनिंदा समय और स्थान पर निर्णायक जवाब देगा और परमाणु ब्लैकमेलिंग स्वीकार नहीं करेगा।''

## बिहार में सुशासन सुनिश्चित करने के लिए और मजबूती से काम करेगी राजग सरकार: शाह



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अमित शाह से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में नवगठित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार राज्य में सुशासन सुनिश्चित करने के लिए और अधिक मजबूती से काम करेगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में राजग सरकार के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में शाह से मुलाकात की, जिसके बाद शाह ने यह टिप्पणी की। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, बिहार की जनता ने राजग को भारी बहुमत दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में, सरकार सुशासन सुनिश्चित करने और विकसित बिहार के 'विजन' को आगे बढ़ाने के लिए और अधिक मजबूती से काम करेगी। पिछली कैबिनेट में उपमुख्यमंत्री रहे चौधरी को इस बार भी उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। विधानसभा चुनावों में 243 में से 202 सीट पर राजग की जीत के बाद उन्हें राज्य में भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का नेता भी चुना गया।

## बिहार पर कांग्रेस की बैठक में सीट बंटवारा में देरी और '10 हजार रुपये' को बताया गया हार का कारण

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेतृत्व ने बृहस्पतिवार को बिहार विधानसभा में निर्वाचित अपने विधायकों तथा हारे उम्मीदवारों के साथ चुनाव नतीजों पर समीक्षा बैठक की, जिसमें कई नेताओं यह कहा कि



महागठबंधन में समय पर सीट बंटवारा नहीं होने, 'आंतरिक कलह' और नीतीश कुमार सरकार द्वारा महिलाओं को 10-10 हजार रुपये दिया जाना करारी हार के मुख्य कारण रहे। कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में हुई इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नेताओं के साथ 10-10 के समूह में बातचीत की तथा उनसे हार के कारणों के बारे में जाना। इस बैठक में कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम भी थे। बैठक के दौरान कांग्रेस के एक उम्मीदवार और सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के एक समर्थक नेता के बीच पर कहासुनी की भी खबर है, हालांकि पप्पू यादव ने इसे 'झूठ' बताया है। बैठक के बाद अररिया से कांग्रेस के विधायक आबिदुर रहमान ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''हार के कई कारण थे। पहला कारण है कि आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए 10-10 हजार रुपये दिए गए। गठबंधन में सीट बंटवारा सही समय पर नहीं हो सका। 10-11 सीटों पर दोस्ताना मुकाबला हुआ, जिससे जनता में अलग संदेश गया।'' उनका कहना था कि समय पर सीट बंटवारा नहीं होने से नुकसान हुआ। रहमान ने असदुद्दीन ओवैसी और भाजपा का उल्लेख करते हुए दावा किया कि धार्मिक और जातीय उन्माद फैलाए जाने का असर हुआ। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के पुराने और नए नेताओं के बीच कलह भी थी। पार्टी ने बिहार में 61 सीटों पर चुनाव लड़ा था और केवल छह सीट ही जीत पाई। महागठबंधन भी 35 सीटों पर ही सिमट गया। वर्ष 2010 के बाद बिहार में पार्टी का यह दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन था। उसने 2010 में केवल चार सीट जीती थीं।

## गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस का इज्जतनगर तक विस्तार, तराई क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई गति

**गोरखपुर :** लंबे समय से चली आ रही जनता की मांग को पूरा करते हुए गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस का विस्तार अब इज्जतनगर (बरेली) तक कर दिया गया है। केंद्रीय रेल,



सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने रेल भवन, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस सेवा की शुरुआत की। पहले यह ट्रेन गोरखपुर-लखीमपुर के बीच चलती थी और हाल ही में इसे पीलीभीत तक बढ़ाया गया था। बरेली तक विस्तार से तराई क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 2014 से अब तक उत्तर प्रदेश में रेलवे का अभूतपूर्व विकास हुआ है। राज्य में 5,272 किलोमीटर नए ट्रैक बिछाए गए, 1,660 फ्लाईओवर और रोड अंडरब्रिज बने तथा सभी रेल मार्गों का 100% विद्युतीकरण पूरा हुआ। यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए 154 लिफ्ट, 156 एस्केलेटर और 771 स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में राज्य में 34 वंदे भारत और 26 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए रेलवे बजट आवंटन 1,109 करोड़ रुपये से बढ़कर 19,858 करोड़ रुपये हो गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 157 स्टेशनों का पुनर्विकास तेजी से जारी है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि इस विस्तार से छात्रों, किसानों और पर्यटकों को विशेष लाभ मिलेगा।

## सेना प्रमुख ने सशस्त्र बल को भविष्योन्मुखी बनाने की रूपरेखा पेश की

**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया शीत युद्ध के द्विध्रुवीय परिवेश से निकल कर कुछ समय के लिए एकध्रुवीय व्यवस्था में रही और अब यह एक अनिश्चित और खंडित व्यवस्था में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने रेखांकित किया कि लंबे समय से कायम शांति घट रही है और व्यापक संघर्ष बढ़ रहे हैं। यहां सेना द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण सम्मेलन 'चाणक्य रक्षा संवाद' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने सेना को मजबूत बनाने के उपायों का उल्लेख किया, जो आने वाले वर्षों में बल के बदलावों को आगे बढ़ाएंगे, ताकि तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में सेना निर्णायक और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिहाज से



सक्षम बनी रह सके। जनरल द्विवेदी ने कहा, हम एक तेजी से बहुध्रुवीय होती दुनिया में रह रहे हैं, जहां प्रमुख शक्तियां निरंतर टकरा रही हैं और प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। दुनिया शीत युद्ध की द्विध्रुवीयता से आगे बढ़कर एक संक्षिप्त एकध्रुवीय दौर के बाद अब एक अनिश्चित और खंडित व्यवस्था में पहुंच गई है। लंबे समय से कायम शांति घट रही है और व्यापक संघर्ष बढ़ रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि दुनिया भर में 50 से अधिक संघर्ष जारी होने के बीच यह कहना कि हम अशांत समय में रह रहे हैं, वास्तव में हालात को कम करके आंकना होगा। सेना प्रमुख ने कहा, इसलिए, यदि दुनिया का रुख राष्ट्रीय सुरक्षा, प्रतिरोधक क्षमता और युद्ध-कौशल की ओर मुड़ रहा है, तो अनिवार्य रूप से यह हमारे सामने एक बुनियादी प्रश्न खड़ा करता है- भारतीय सैन्य बल को इस तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में निर्णायक और सक्षम बने रहने के लिए किस प्रकार रूपांतरित होना चाहिए? उन्होंने कहा कि इस प्रश्न का प्रारंभिक बिंदु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के '5एस' - सम्मान, संवाद, सहयोग, समृद्धि और सुरक्षा-दृष्टिकोण में निहित है।

